Page 11 खेल
जन-जन की वाणी...
हिन्दी दैनिक
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित
Page 10 देश



**सरफराज ने लगाया शतक : भारत ने न्यूज़ीलैंड को दिया 107 रनों का लक्ष्य**

**राज्य के सामरिक महत्व को देखते हुए नीति बने : सीएम पुष्कर सिंह धामी**



कृष्ण पक्ष, रोहिणी, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • रविवार • 20 अक्टूबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 309 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹79,420 | ₹99,500 |

## आज का इतिहास

- **1961 : भौतिक मानवविज्ञानी और भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण के पहले निदेशक रहे बिरजा संकर गुहा का घाटशिला बिहार में निधन हुआ।**
- **1978 : भारत के आक्रामक बल्लेबाज विरेन्दर सहवाग का जन्म हुआ था। इन्होंने अपने करियर में 104 टेस्ट में 8,586 रन और 251 वनडे में 8,273 रन बनाए।**

## न्यूज बाइट्स

### दीपावली और छठ पर स्पाइस जेट ने चलाई 7 जोड़ी नई फ्लाइट

**पटना (नि.सं.)।** अब आप दीपावली और छठ पूजा में बिहार आना चाहते हैं तो आपको बड़ी सुविधा मिलने जा रही है। क्योंकि दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर घर वापस लौटने वाले लोगों की भीड़ को देखते हुए स्पाइस जेट ने सात जोड़ी नई उड़ानें शुरू करने का फैसला किया है। ये उड़ानें 27-28 अक्टूबर से मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद, गुवाहाटी, अहमदाबाद सहित अन्य शहरों से परिचालित होंगी। सबसे बड़ी बात यह है कि इस तरह की सुविधा न सिर्फ पूजा के समय तक रहेगी बल्कि उनके बाद भी अतिरिक्त विमान सेवाएं जारी रहेंगी। इससे यात्रियों को राहत मिलेगी। जानकारी के अनुसार, स्पाइस जेट की ओर से सात जोड़ी नई उड़ानों का परिचालन देश के विभिन्न शहरों से करने का निर्णय लिया गया है। इनमें से अधिकांश उड़ानें 27 अथवा 28 अक्टूबर से शुरू की जा सकती हैं। मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद, गुवाहाटी व अहमदाबाद समेत अन्य शहरों से अतिरिक्त विमान सेवा शुरू की जाएगी जो पूजा के बाद भी जारी रहेगी।

### ईसी की बड़ी कार्रवाई, डीजीपी को तत्काल प्रभाव से हटाने का आदेश

**रांची (नि.सं.)।** नई दिल्ली। चुनाव आयोग (ईसीआई) ने झारखंड सरकार को तत्काल प्रभाव से कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता को पद से हटाने का निर्देश दिया है। समाचार एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से इसकी जानकारी दी। एजेंसी के अनुसार आयोग ने शनिवार को एक आदेश जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि कार्यवाहक डीजीपी को कैडर में उपलब्ध सबसे वरिष्ठ डीजीपी स्तर के अधिकारी को कार्यभार सौंपना चाहिए। सूत्रों ने एजेंसी को बताया कि चुनाव आयोग ने राज्य सरकार को शाम 7 बजे तक इन निर्देशों का अनुपालन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। साथ ही झारखंड सरकार को 21 अक्टूबर 2024 को सुबह 10 बजे तक वरिष्ठ भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों का एक पैनल प्रस्तुत करना है।

पशुपालन विभाग की ओर से मत्स्य पालन में ड्रोन के इस्तेमाल को लेकर कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# मछली उत्पादन में बिहार हो गया है आत्मनिर्भर : नीतीश कुमार

**निज संवाददाता | पटना**



शनिवार को पटना के ज्ञान भवन में पशुपालन विभाग की ओर से मत्स्य पालन में ड्रोन के इस्तेमाल को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, डिप्टी सीएम विजय सिन्हा भी शामिल हुए। सीएम ने इस दौरान ललन सिंह और विजय सिन्हा के कंधे पर हाथ भी रखा। कार्यक्रम में मौजूद लोगों का अभिनंदन स्वीकार किया। सीएम ने आगे कहा कि 2005 के पहले मछली पालन का धंधा खराब था। यहां कुछ नहीं था। बिहार में दूसरे राज्यों से मछली आती थी। जब मौका मिला तो काम किया। सरकार में आने के बाद काम शुरू हुआ। बिहार में कृषि रोड मैप पर काम हो रहा है। पहले से चौथी कृषि रोड मैप की लॉन्चिंग में राष्ट्रपति को बुलाया। 2005 में बिहार में मछली का उत्पादन 2 लाख 88 मैट्रिक टन था। आज 8 लाख मैट्रिक टन से अधिक है। बिहार आत्मनिर्भर हो गया है। मछली दूसरे राज्यों में भेजा जा रहा है। केंद्र सरकार सहयोग कर रही है। केंद्र सरकार ने 2022 से आज तक 80 हजार करोड़ रुपए बिहार को दिए हैं। सीएम नीतीश मोदी सरकार की खूब तारीफ की। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बिहार के विकास के लिए कई कार्य किए जा रहे हैं। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को बधाई देता हूं। केंद्र सरकार द्वारा राज्य में मत्स्य पालन के विकास के लिए सहायता दी गई है। राज्य सरकार मत्स्य पालन के विकास के लिए भी कई कदम उठा रही है। राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा मत्स्य पालन के क्षेत्र में विकास के लिए उठाए गए कदमों से मत्स्य पालकों को काफी लाभ हो रहा है।

सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि मत्स्य पालन के क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों का मैं आभार व्यक्त करता हूं कि वे अपने कार्य से अपनी तरक्की के साथ-साथ राज्य की तरक्की में भी योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम शुरू से ही एनडीए में थे और एनडीए में ही रहेंगे। बीच में हम दो बार उनलोगों के साथ चले गए थे, ये हमारी गलती थी अब कभी इधर-उधर नहीं जाएंगे। भाजपा के साथ हमारी पार्टी का शुरू से ही संबंध रहा है। हमलोग मिलकर राज्य और देश का विकास करते रहेंगे। इस कार्यक्रम में मुझे शामिल होने का मौका मिला है इसके लिए मैं आपलोगों का आभार व्यक्त करता हूं और आप सभी को बधाई देता हूं।

### कृषि, पशुपालन सहित सभी क्षेत्रों का विकास किया गया

दरअसल, पटना के ज्ञान भवन में मत्स्य पालन के क्षेत्र में ड्रोन तकनीक के उपयोग एवं प्रत्यक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसका उद्घाटन सीएम नीतीश ने ही किया। अपने संबोधन के दौरान सीएम ने कहा कि सबसे पहले मैं मत्स्य पालन के क्षेत्र में ड्रोन तकनीक के उपयोग एवं प्रत्यक्षण कार्यक्रम का जो आज शुभारंभ किया गया है उसके लिए केंद्र सरकार और यहां उपस्थित केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को बधाई देता हूं। वर्ष 2005 से पहले बिहार में विकास कार्यों की क्या स्थिति थी सभी को पता है। वर्ष 2005 से पहले मछली उत्पादन बहुत कम था। दूसरे राज्यों से यहां मछलियां मंगाई जाती थी। 24 नवंबर, 2005 को जब हमलोग सरकार में आए तो राज्य के विकास के लिए नीति और कार्यक्रम बनाए गए। कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन सहित सभी क्षेत्रों का विकास किया गया। लोगों की सुविधाओं के लिए कई कदम उठाए गए। साथ ही महिलाओं की तरक्की के लिए कई कार्य किए गए। मछली उत्पादन में बिहार आत्मनिर्भर हो गया है। पहले दूसरे राज्य की मछलियां बिहार में मंगाई जाती थीं और अब बिहार की मछलियां दूसरे राज्यों में भेजी जाती हैं।

मंत्री दिलीप जायसवाल ने सभी डीसीएलआर की बैठक में लिया फैसला

# जमीन विवाद को कम करने के लिए बनाया जाएगा पैनल, लंबित मामलों में आएगी कमी

**निज संवाददाता | पटना**

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में जमीन से जुड़े मामलों के निपटारे के लिए पैनल बनाया जाएगा। पैनल में डीसीएलआर सलाह देंगे। पैनल जमीन विवादों के निपटाने में तेजी लाएगा। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने विभागीय एसीएस को निर्देश दिया है। मंत्री ने कहा है कि विभाग विशेषज्ञों का एक पैनल तैयार करें। इस पैनल में राजस्व से संबंधित जानकार लोग हों। इनसे भूमि सुधार उप समाहर्ता सलाह ले सकें। इससे वाद का निष्पादन तेजी से होगा और लंबित मामलों में कमी आएगी।

राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने सूबे के भूमि सुधार उप समाहर्ताओं के साथ बैठक की है। बैठक में अफसरों को संबोधित करते हुए मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि अपने निर्णय की गुणवत्ता सुनिश्चित करनी चाहिए। अगर आपका निर्णय तर्कसंगत होगा, एक्ट एवं रूल्स पर आधारित होगा तभी आपके फैसले राजस्व एवं सिविल न्यायालयों में टिक पाएंगे। ऐसा नहीं होने पर आपके साथ विभाग की भी बदनामी होगी।

शनिवार को शास्त्रीनगर स्थित सर्वे प्रशिक्षण संस्थान में भूमि सुधार उपसमाहर्ताओं से कहा कि बिना उचित कारण के और लंबे समय तक वादों को लटकाए रखने की प्रवृति से विभाग की छवि धूमिल हो रही है और कई प्रकार के सवाल उठ रहे हैं। साथ ही यह अधिकारियों की कमजोर इच्छा शक्ति का परिचायक भी है।



### म्यूटेशन अपील के लिए 30 दिन

दिलीप जायसवाल ने कहा कि भूमि सुधार उप समाहर्ता को जो भी काम करना है। उसके लिए समय सीमा निर्धारित है। बीएलडीआर एक्ट के तहत 90 दिन एवं म्युटेशन अपील के लिए 30 दिन तय है। इसी निर्धारित अवधि में वादों का निष्पादन होना चाहिए।

### सीनियर अफसर से ले सलाह

मंत्री दिलीप जायसवाल ने डीसीएलआर से कहा कि अगर आपके सामने कोई जटिल समस्या है, स्वत्व का कोई गंभीर मामला है जिसपर आपको निर्णय लेना है तो आप अपने वरिष्ठ अधिकारियों से सलाह लें। जरूरी होने पर विधिक परामर्श भी ले सकते हैं। लेकिन लंबे समय तक किसी भी विषय को लंबित नहीं रखें।

डॉ. जायसवाल ने सभी डीसीएलआर से कहा कि नियमित तौर पर अंचल कार्यालयों का निरीक्षण करें और खासकर राजस्व कर्मचारियों के कार्यों पर बारीक नजर रखें। अंचल अधिकारी एवं राजस्व अधिकारी को भी डर होना चाहिए कि कोई है, जो उन पर बारीक नजर रख रहा है।

# छत्तीसगढ़ में नक्सलियों का आतंक आईईडी विस्फोट में दो जवान शहीद



**निज सं. | नारायणपुर (छत्तीसगढ़)**

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में नक्सलियों ने शनिवार को एक बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया जिससे भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के दो जवान शहीद हो गए। जवानों को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। नारायणपुर जिला पुलिस ने बताया, घटना में नारायणपुर जिला पुलिस के दो जवान घायल हुए। अधिकारियों ने बताया कि जिले में आईटीबीपी के जवानों को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था और जब वे अभियान से लौट रहे थे तभी नक्सलियों ने अबूझमाड़ क्षेत्र के मोहंदी गांव के पास बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया। राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आईटीबीपी के जवानों को तैनात किया गया है। इस महीने की चार तारीख को राज्य के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा-नारायणपुर जिले की सीमा में अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 38 नक्सलियों को मार गिराया था।

# कार्रवाई : रेलवे स्टेशन पर आरफीएफ ने 4.01 करोड़ कीमत का सोना, चांदी और नकदी की जब्त

**विशेष संवाददाता | नई दिल्ली**

एक विश्वसनीय मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर सावधानीपूर्वक एक समन्वित अभियान शुरू किया। आने वाली कई ट्रेनों का निरीक्षण करते हुए आरपीएफ की टीम हाई अलर्ट पर थी। जैसे ही उन्होंने डिब्बों की तलाशी ली, उन्हें चार अलग-अलग ट्रेनों से 24 संदिग्ध पैकेज मिले। शुरुआत में सामान्य पार्सल दिखने वाले डिब्बों में आश्चर्यजनक रूप से 498 ग्राम सोने की छड़ें, 365 किलोग्राम चांदी और 85.72 लाख रुपये की बेहिसाब नकदी मिली। जब्त किए गए माल की कुल कीमत 4.01 करोड़ रुपये आंकी गई। आयकर विभाग के सहयोग के साथ काम करते हुए, आरपीएफ टीम ने मिले सामान का सावधानीपूर्वक दस्तावेजीकरण किया और आगे की जांच के लिए सुरक्षित कब्जे में लिया।



हरियाणा विधानसभा चुनाव के समय में रेलवे के ज़रिए अवैध गतिविधियों को रोकने में इस ऑपरेशन को एक बड़ी सफलता मिली। यह ऑपरेशन हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों को सुरक्षित करने के लिए आरपीएफ के व्यापक प्रयासों में से एक था, जो 16 अगस्त से 5 अक्टूबर के बीच हुए थे। दोनों राज्यों में तैनात बल की 60 कंपनियों के साथ, आरपीएफ ने चुनाव अवधि के दौरान शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूरे चुनाव अवधि के दौरान आरपीएफ की सतर्कता के फलस्वरूप 12.86 करोड़ रुपये के अवैध सामान को रोका गया और इससे हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में हाल ही में संपन्न चुनावों में आदर्श आचार संहिता लागू करने में मदद मिली। जब्ती में नशीले पदार्थ, तस्करी की गई शराब, बेहिसाब नकदी और ऐसी वस्तुएं शामिल थीं, जिनका इस्तेमाल संभावित रूप से मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए किया जा सकता था।

# आरपीएफ बच्चों की तस्करी के खिलाफ हाफ मैराथन में लेगा हिस्सा



**निज संवाददाता | हाजीपुर**

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने घोषणा की है कि वो आज वेदांता दिल्ली हाफ़ मैराथन में हिस्सा लेगा। आरपीएफ के महानिदेशक मनोज यादव 26 समर्पित आरपीएफ सदस्यों की एक टीम की अगुवाई करेंगे, जो रेलवे नेटवर्क में बच्चों की तस्करी की रोकथाम के प्रयासों को उजागर करने और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हाफ मैराथन में दौड़ेंगे। आरपीएफ की भागीदारी का मुख्य उद्देश्य बच्चों की तस्करी से निपटने के लिए उठाए गए उपायों के बारे में जनता को शिक्षित करना और नागरिकों से इस खतरे के खिलाफ लड़ाई में शामिल होने की अपील करना है। 'हमारा मिशनः ट्रेनों में बच्चों की तस्करी को रोकना' नारे के तहत, आरपीएफ का लक्ष्य बच्चों को शोषण तथा दुर्व्यवहार से बचाने के लिए सामूहिक कार्रवाई की तात्कालिकता और आवश्यकता पर बल देना है।

इस आयोजन में, टीम के सभी सदस्य पूरी हाफ मैराथन में दौड़ेंगे, जो इस नेक काम के प्रति रेलवे सुरक्षा बल की ताकत, उसकी एकता और उसकी कटिबद्धता का प्रतीक है। आम जनता की भागीदारी बढ़ाने के लिए, आरपीएफ बैंड रेल भवन के नजदीक दौड़ मार्ग के किनारे लाइव प्रदर्शन करेगा, जिससे प्रतिभागियों और दर्शकों दोनों के लिए एक संवादात्मक और सहायक वातावरण तैयार होगा।

# 45 किलो के 3 हाथी के दांत जब्त, 8 गिरफ्तार

**निज संवाददाता | आरा(भोजपुर)**



भोजपुर में हाथी के दांत की तस्करी करते हुए वन विभाग की टीम ने आठ बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इन सभी के पास से हाथी का बेशकीमती दांत बरामद हुआ है। तस्करों से वन विभाग की टीम गहराई से पूछताछ कर रही है। वन विभाग की टीम ने आरा और बक्सर के ब्रह्मपुर क्षेत्र में छापेमारी की। तस्करी के लिए छुपाकर रखे गए हाथी का तीन बेशकीमती दांत बरामद किया है। मामले की जानकारी देते हुए भोजपुर-बक्सर एरिया के वन विभाग के डीएफओ विकास अहलावत ने बताया कि बरामद तीनों दांत का वजन करीब 45 किलो के आसपास है। साथ ही पशु तस्करी से जुड़े अन्य अंग भी मिले है। बता दें कि वन विभाग की टीम को दिल्ली से सूचना मिली थी। इसके आधार पर कार्रवाई हुई है। मामले में वन विभाग की टीम ने करीब आठ बदमाश को पकड़ा है। जिनसे अभी गहराई से पूछताछ चल रही है। इसमें एक दांत आरा से व दो दांत बक्सर से मिला है। वन विभाग की टीम पूछताछ कर हाथी के दांत की खरीद-बिक्री करने वाले गैंग से जुड़े नेटवर्क को खंगाल रही है। साथ ही अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

डीएफओ ने बताया कि वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल, ब्यूरो, दिल्ली से गुप्त सूचना मिली थी कि आरा और बक्सर के ब्रह्मपुर में हाथी के दांत की खरीद-बिक्री की जा रही है। इसके बाद टीम गठित कर पुलिस के सहयोग से शुक्रवार को आरा और बक्सर के ब्रह्मपुर में छापेमारी की गई। आरा टाउन थाना क्षेत्र के मीरगंज, सब्जी गोला मोहल्ला में छापेमारी कर करीब 35 किलो का हाथी का एक दांत बरामद किया गया। इस मामले में टीम सब्जी गोला, मीरगंज से उपेन्द्र सिंह, आशीष कुमार, नरेन्द्र सिंह, आकाश के अलावा छीने गांव के उदय भान सिंह और जगदेवनगर के प्रदीप कुमार को पकड़ा गया है। इसके अलावा बक्सर के ब्रह्मपुर क्षेत्र में भी टीम ने छापेमारी कर हाथी के दो दांत समेत पशु तस्करी से जुड़े कुछ अंग बरामद किया है। दो सदस्यों से पूछताछ चल रही है। टीम गैंग से जुड़े अन्य सदस्यों को दबोचने के लिए सासाराम, रोहतास आदि जिलों में भी छापेमारी कर रही है।

# प्रभारी मंत्री ने कई योजनाओं का किया शिलान्यास और उद्घाटन

- **मधेपुरा में 20 सूत्री बैठक का आयोजन, तेजी से विकास करने की कही बात**

**निज संवाददाता | मधेपुरा**



मधेपुरा के झल्लू बाबू सभागार में शनिवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति (20 सूत्री) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री सह प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार भी पहुंचे। बैठक शुरू होने से पहलेमंत्री श्रवण कुमार ने कई योजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और पीएम आवास योजना के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र का वितरण किया। मंत्री ने 99.40 लाख रुपए की लागत से जिले के विभिन्न पंचायतों में बनने वाले खेल मैदानों का शिलान्यास किया। वहीं गम्हरिया के भेलवा, ग्वालपाड़ा के शाहपुर, शंकरपुर के परसा, सिंहेश्वर के लालपुर सरोपट्टी और कुमारखंड के रहटा पंचायत में 37.50 लाख की लागत से नवनिर्मित अपशिष्ट संस्करण इकाई का उद्घाटन किया। साथ ही डीआरडीए परिसर में नवनिर्मित विकास भवन का भी उद्घाटन किया गया। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 7 अक्टूबर के बाद 497 लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि 1.98 करोड़ उनके बैंक खाते में ट्रांसफर की गई। जिनमें से पांच लाभुकों को सांकेतिक रूप से शनिवार को प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार ने स्वीकृति पत्र प्रदान किया। डीएम तरनजोत सिंह प्रभारी मंत्री और विधायकों का स्वागत किया।

प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मधेपुरा में तेज गति से विकास का काम हो रहा है, इसे और गति प्रदान किया जाएगा। जो काम अधूरा है और जनता के हित में है, उसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

### दरभंगा एयरपोर्ट पर स्पाइसजेट के विमान में बम होने की मिली धमकी



**दरभंगा (नि.सं.)।** दरभंगा एयरपोर्ट पर स्पाइसजेट के विमान में बम होने की धमकी मिली है। धमकी मिलते ही यात्रियों को तत्काल विमान से उतारा गया। इसके बाद विमान में रखे सामान की जांच की गई। फ्लाइट को 3:45 बजे दरभंगा से दिल्ली के लिए उड़ान भरनी थी। सुरक्षा जांच के लिए लगभग 2 घंटे तक यात्रियों को रोका गया है। बता दें कि अब-तक 30 फ्लाइट को उड़ाने की धमकी दी जा चुकी है। लगभग सभी एयरलाइंस की 5 फ्लाइट्स को पहले धमकी मिली है। लगातार एयरपोर्ट अथॉरिटी और प्रशासन अलर्ट मोड पर है।

जमुई को मिलेगी जाम के जंजाल से मुक्ति

# शहर को मिला 8 बाईपास रोड और दो रेल ओवर ब्रिज का तोहफा

**निज संवाददाता | जमुई**



जमुई के रहने वाले लोगों को केंद्र की मोदी सरकार ने बड़ा तोहफा दिया है। केंद्र सरकार ने शहर में होनी वाली जाम को समस्या को खत्म करने के लिए एक साथ आठ बायपास सड़क और दो रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की है। सूत्रों के मुताबिक निर्माण कार्य के लिए जल्द ही निविदा जारी कर दी जाएगी। इसके लिए सारी विभागीय तैयारी पूरी कर ली गई है। वहीं, मार्ग के निर्माण से वन संपदा को जो नुकसान होगा उसका मुआवजा पुराने नियम के अनुसार किया जाएगा। जमुई में एक साथ आठ बायपास सड़क और दो रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण से जमुई शहर के साथ-साथ अलग-अलग बाजार क्षेत्र के लोगों को भी जाम के जंजाल से मुक्ति मिल जाएगी। राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल 333 ए के सहायक अभियंता आरपी चौधरी ने बताया कि इसके अलावा जिले से होकर गुजरने वाले लोगों को भी इसके निर्माण से काफी सहूलियत होगी। मार्ग के निर्माण से वन संपदा को जो नुकसान होगा उसका मुआवजा पुराने नियम के अनुसार किया जाएगा। केंद्र सरकार से हरी झंडी मिलने के बाद जिले के अधिकारियों ने बताया कि निर्माण के लिए सारी विभागीय तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रारंभिक फेज में बाईपास सड़क के निर्माण को लेकर टेंडर होगा। दूसरे चरण में अलग-अलग मार्ग में बनने सड़क को लेकर टेंडर किया जाएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के लिए कार्य द्रुत गति से जारी है। मार्ग के निर्माण में आने वाली वन भूमि के लिए कागजी प्रक्रिया राष्ट्रीय राजमार्ग अथॉरिटी और वन विभाग ने पूरा कर लिया है। राष्ट्रीय राजमार्ग के 190.20 किलोमीटर की कुल लंबाई में 14 बाईपास का निर्माण होगा। जिसमें सिकंदरा प्रखंड में 2.758, जमुई में 4.311, खैरा में 3.927,मांगोबंदर में 1.894, केंदुआ में 2.070, सोनो में 8.869 और नारगंजो में 1.972 किलोमीटर लंबे बाइपास सड़क का निर्माण होगा। इसके अलावा नरगंजो और शेखपुरा में एक-एक रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण होगा।

# लाखों का चाइनीज लहसुन जब्त, डीआरआई ने ट्रक चालक समेत दो तस्करों को पकड़ा

**निज संवाददाता | मुजफ्फरपुर**



मुजफ्फरपुर में राजस्व खुफिया निदेशालय यानी डीआरआई ने बड़ी कार्रवाई की है। शनिवार को एक ट्रक से चाइनीज लहसुन की बड़ी खेप जब्त की गई है। डीआरआई की टीम ने छापेमारी कर मौके से चालक समेत दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। अब दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार चाइनीज लहसून की खेप को लेकर तस्कर नेपाल से गोरखपुर के रास्ते दिल्ली जा रहे थे। इसी दौरान टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर ये कार्रवाई की। जब्त लहसुन की कीमत लगभग 28 लाख रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार दोनों तस्कर यूपी के कानपुर के रहने वाले हैं। सूत्रों के अनुसार तस्करों ने नेपाल से एक ट्रक में 11 टन चाइनीज लहसुन लेकर लोहा बॉडर के रास्ते भारत में प्रवेश किया था। जिसके बाद मुजफ्फरपुर के रास्ते गोरखपुर होते हुए दिल्ली में लहसुन की खेप दीपावली और छठ पर्व में खपाने की फिराक में थे। टीम ने कार्रवाई करते हुए गोरखपर-दिल्ली जाने वाले रूट पर जांच अभियान शुरू कर दिया। इसी दौरान टीम ने ट्रक को रोका और तलाशी शुरू कर दी। तलाशी के दौरान ट्रक से चाइनीज लहसुन मिला है।

इधर टीम ने कार्रवाई करते हुए मौके से ट्रक चालक और एक तस्कर को गिरफ्तार किया। जिसके बाद दोनों से पूछताछ की गई। इस दौरान गिरफ्तार तस्करों ने कई अन्य तस्करों की पहचान बताई है।

# संक्षिप्त समाचार

## एसआईटी ने 30 घंटे के अंदर एक नामजद को धर दबोचा

**मानपुर**। बुनियादगंज थाना अंतर्गत शादीपुर स्थित बालू घाट पर बीते 16 अक्टूबर को देर शाम गोली मारकर मुंशी की हत्या हुई थी। इस मामले में गठित एसआईटी को अहम कामयाबी हाथ लग गई हे। 30 घंटे के अंदर गुरुवार देर रात एक नामजद को नगरियावां गांव से हिरासत में लिया है । युवक की पहचान गौतम कुमार के रूप में हुई। अधिकारियों की माने तो कई लोगों से पूछताछ की जा रही है। वहीं नाम नहीं छापने की शर्त पर ग्रामीणों ने कहा कि गुरुवार देर रात लगभग एक बजे चार गाड़ियों से पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने युवक को उठाया है। बता दें कि अवैध बालू उठाव को रोकने से आक्रोशित बालू तस्करों द्वारा मारुति ट्रेडिंग कम्पनी के दफ्तर पहुंचकर तोड़फोड़ की गई और घाट पर मौजूद मुंशी शादीपुर निवासी सुजय यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

## शिकायत पर डीएसपी ने बुलाया तो थाने में छिप गया

**बांकेबाजार**। बांकेबाजार थाना के वाहन चालक के द्वारा शराब सेवन करने की शिकायत ग्रामीण द्वारा किए जाने के बाद उसका खून जांच के लिए भेजा गया है। जानकारी हो कि गुरुवार की रात्रि गश्ती दल के वाहन चालक पर शराब पीकर वाहन चलाने का आरोप एक ग्रामीण ने लगाते हुए शेरघाटी डीएसपी को आवेदन दिया था। शिकायत के बाद डीएसपी ने थानाध्यक्ष को चालक को हाजिर करने का निर्देश दिया। लेकिन, थानाध्यक्ष वाहन चालक को डीएसपी के सामने पेश करते इससे पहले ही चालक थाना में हीं कहीं छिप गया। पूरी रात पुलिस उसे तलाशती रही। इसके बाद अहले सुबह करीब तीन बजे सुबह थाना में सोए हुए स्थिति में वाहन चालक को हिरासत में लेकर डीएसपी के समक्ष पेश किया गया। चालक द्वारा शराब का सेवन किए जाने की पुष्टि के लिए उसके खून के सैंपल को जांच के लिए गया भेजा गया है। सहायक थानाध्यक्ष रामबाबू पासवान ने इस संबंध में पूछे जाने पर किसी भी तरह की जानकारी देने से परहेज कर रहे हैं।

## 24 घंटे में कोषांग गठित करने का दिया आदेश

**गया**। कलेक्ट्रेट में शुक्रवार को डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में पैक्स निर्वाचन 2024 की तैयारी को लेकर वीसी के जरिए सभी अनुमंडल पदाधिकारी व बीडीओ की बैठक हुई। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वर्ष 2014 और 2019 में हुए पैक्स चुनाव के दौरान अगर कोई व्यवधान उत्पन्न हुआ है तो वैसे मतदान केंद्रों को चिह्नित करते हुए उसे दूसरे जगह शिफ्ट करने की आवश्यकता का आकलन करें। सभी एसडीपीओ, बीडीओ और थानाध्यक्षों के साथ बैठक करने का निर्देश एसडीएम को दिया। कहा कि मतदान में व्यवधान डालने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध धारा 107, सीसीए, गिरफ्तारी आदि की भी कार्रवाई करें।

## बदमाशों ने दो घरों से की लाखों की चोरी

**थरथरी**। थाना क्षेत्र के महाननचक गांव में सक्रिय बदमाशों ने दो घरों का ताला तोड़कर लाखों की संपत्ति चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित रामलखन प्रसाद ने घटना की प्राथमिकी दर्ज कराई है। गृहस्वामी ने बताया कि वह घर में ताला लगाकर पत्नी की आंख का इलाज कराने बिहारशरीफ गए थे। बुधवार की रात अज्ञात बदमाशों ने ताला तोड़कर कीमती समानों की घर से चोरी कर ली। चोरी गई संपत्ति की अनुमानित कीमत लाखों में है। पड़ोसियों ने कॉल कर चोरी की खबर दी।

## बाइक हादसा, दो युवक गंभीर रूप से घायल

**सिलाव**। थाना क्षेत्र के राजगीर-बिहारशरीफ मुख्य मार्ग पर हाई स्कूल के समीप एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी, जिसमें बाइक सवार दो युवक बुरी तरह से जख्मी हो गए। जख्मी युवकों की पहचान बिहारशरीफ निवासी 18 वर्षीय संगम कुमार और 18 वर्षीय मोनू कुमार के रूप में हुई। स्थानीय लोगों ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया। सीएचसी के डॉ. करुणेश्वर कुमार ने बताया कि संगम कुमार के पेट में शीशा घुस गया था, जिसे सफलतापूर्वक निकाल दिया गया। दोनों युवकों की स्थिति नाजुक है, जिसके कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए विम्स रेफर कर दिया गया है।

## मगध विवि परिसर से मिला विवाहिता का शव

**बोधगया**। मगध विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मगध विश्वविद्यालय परिसर में स्थित क्लर्क अपार्टमेंट में शुक्रवार को एक विवाहिता ललिता कुमारी का अधजला शव पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल भेज दिया है। वहीं पुलिस ने मृतका के पति पिंटू कुमार से इस संबंध में पूछताछ की है। फिलहाल पुलिस मृतक के परिजनों के आने का इंतजार कर रही है। इस संबंध में मविवि थानाध्यक्ष रणविजय सिंह ने बताया कि परिजन के आवेदन के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। घटना में महिला ने खुद से आग लगाई है या उसको आग के हवाले कर हत्या की गई है, इसकी जांच के लिए एफएसएल की टीम जांच कर रही है। जांच के दौरान पुलिस को घर के कई कमरे में खून के छींटे भी गिरे हुए मिले हैं।



एफएसएल की टीम हर तथ्यों पर जांच करते हुए कई सैंपल को अपने साथ लेकर गई है। जांच के दौरान गिरे खून के सैंपल, आग लगने के दौरान अधजली साड़ी, आस-पास बिखरे सामान और आग लगाने के लिए प्रयोग में आने वाले सामान को जांच के लिए प्रयोगशाला में लेकर गई है। हत्या कैसे की गयी और हत्या करने का कारण क्या था, इसका अनुसंधान किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या कब और कैसे की गयी, इसकी स्पष्ट जानकारी मिल पायेगी। ननद बोली-भाभी ने खुद को लगाई आग मृतक ललिता देवी अपने पति पिंटू कुमार व अपनी तीन साल की बेटी एवं दूसरी तीन महीने की बेटी के साथ रहती थी। इनके साथ इनकी ननद खुशबू कुमारी व सास पूना देवी भी रहती है। ललिता बिहार के मधुबनी जिले के रहने वाली है। पिंटू मविवि के फारसी विभाग में क्लर्क के पद पर कार्य करता है। मृतक की ननद ने बताया कि आय दिन किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच लड़ाई-झगड़ा होते रहता था। सुबह भी किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। इसके बाद भाभी ने आग लगा ली, जिससे उनकी मौत हो गई है।

## पीजी में नामंकन के लिए 15 नवंबर तक आवेदन

**नालंदा**। नालंदा के सिलाव प्रखण्ड स्थित नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी (एनओयू) ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए पीजी में नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी है। छात्र 15 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। छात्रों को एनओयू की वेबसाइट पर नामांकन फॉर्म भरना होगा। साथ ही, उन्हें ऑनलाइन ही भुगतान करना होगा। इस बार एसबीआई कलेक्ट के माध्यम से भुगतान स्वीकार्य नहीं होगा। नामांकन के लिए छात्रों को एनओयू मुख्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। किसी कारण किसी को बुलाया गया तो उन्हें सभी मूल प्रमाण-पत्र के साथ मुख्यालय में उपस्थित होना होगा। अगर छात्र दाली प्रपत्र अपलोड नहीं करते हैं तो उनका नामांकन रद्द कर दिया जाएगा और राशि जब्त कर ली जाएगी। नामांकन के बाद छात्र रजिस्ट्रेशन स्लिप, एडमिट कार्ड और फीस का प्रिंट आउट भविष्य के लिए अपने पास सुरक्षित रखेंगे।

**ऑनलाइन भुगतान होगा**: छात्र अर्थशास्त्र, शिक्षा, लोक प्रशासन, भूगोल (आर्ट्स में), हिंदी, मनोविज्ञान, गृह विज्ञान (आर्ट्स में), वनस्पति विज्ञान, भूगोल (साइंस से), गणित, भौतिकी विज्ञान, रसायन शास्त्र, इन्वायरमेंट साइंस, गृह विज्ञान (साइंस में) और वाणिज्य में एडमिशन ले सकते हैं। एनओयू के कुलसचिव ने जारी नोटिस में छात्रों को बताया है कि नामांकन लेने के लिए वेबसाइट https://www.nou.ac.in/) पर दिए गए लिंक का ही उपयोग करेंगे। नामांकन फॉर्म भरने के साथ ही ऑनलाइन भुगतान भी करेंगे।

# बिहार शरीफ में बदलो बिहार न्याय यात्रा की शुरुआत

### विधायक संदीप सौरभ बोले-जनता के न्याय के लिए बदलाव की कर रहे बात

निज संवाददाता। नालंदा

बदलो बिहार न्याय यात्रा की शुरुआत भाकपा माले के विधायक डॉक्टर संदीप सौरव ने शनिवार को बिहार शरीफ के श्रम कल्याण मैदान से शुरू किया। जिसमें भारी संख्या में भाकपा माले के कार्यकर्ता शामिल हुए। भाकपा माले के पालीगंज विधायक डॉक्टर संदीप सौरभ ने कहा कि बदलो बिहार न्याय यात्रा आज हम लोग बिहार शरीफ से शुरू कर रहे हैं। नालंदा के कई प्रखंडों से होते हुए यात्रा जहानाबाद जाएगा। जहानाबाद के बाद पटना ग्रामीण में और पटना ग्रामीण के बाद पटना शहर पहुंचेंगे। बदलो बिहार न्याय यात्रा के नाम से ये साफ है कि, जनता के न्याय के लिए बिहार को बदलने की हम लोग बात कर रहे हैं। जब जनता को न्याय की बात किया जा रहा है तो इसका मतलब बहुत साफ है कि जो गरीब लोग हैं। उनको पांच डिसमिल सरकार जमीन दे, जो



भूमिहीन लोग हैं। जिनके पास कच्चा मकान है, उनको पक्का मकान दिया जाए। पूरे बिहार में 94 लाख गरीब परिवार हैं। जिनको बिहार सरकार ने चिह्नित किया है। उन तमाम परिवारों को दो-दो लाख रुपया दिया जाए।

**स्मार्ट मीटर खून चूसने वाला मीटर**: स्मार्ट मीटर यह बात साफ हो चुका है कि वह जनता का खून चूसने वाला मीटर है। स्मार्ट मीटर को रद्द किया जाए और गरीबों को 200 यूनिट बिजली मुफ्त दिया जाए ये हम लोग मांग कर रहें हैं। युवाओं के लिए रोजगार मिले, तभी उनके साथ इंसाफ होगा और न्याय मिलेगा। और पिछले दिनों बिहार के तमाम इलाकों में दलित के ऊपर महिलाओं के ऊपर और अल्पसंख्यक समुदाय के ऊपर अनवरत हमले हुए, गया में मॉब लिंचिंग हुआ। नवादा में 80 दलित परिवारों को उजाड़ दिया गया, तो इन सब के साथ इंसाफ हो। ये जो नफरत का व्यापार करने के लिए भाजपा के केंद्रीय मंत्री पूरे बिहार में घूम करके हिंदू स्वाभिमान यात्रा के नाम पर दंगे की भाषा बोल रहे हैं। उस पर तत्काल रोक लगे, हेट स्पीच बोलने वाले, नफरत भड़काने वाले के ऊपर कार्रवाई हो, यह बिहार के लिए हम लोग चाहते हैं। बिहार शरीफ से शुरू होकर बदलो बिहार न्याय यात्रा सोहसराय 17 नंबर से होते हुए नूरसराय तक जाएगी। इसके बाद 20 अक्टूबर को नूरसराय से थरथरी होते हुए हिलसा, 21 अक्टूबर को हिलसा से मीना बाजार होते हुए एकंगरसराय और तेल्हाड़ा, 22 अक्टूबर को तेल्हाड़ा से जहानाबाद जिला के बंधुगंज से होते हुए काको और जहानाबाद से यह यात्रा पटना पहुंचेगी।

# बिहारशरीफ में इस माह फोरलेन का काम होगा पूरा



मोगलकुआं से भरावपर मछली मंडी तक निर्माण कार्य, बिजली ट्रांसफार्मर शिफ्ट होंगे

निज संवाददाता। नालंदा

बिहारशरीफ शहर के मुख्य मार्ग पर यातायात दबाव को कम करने के लिए मोगलकुआं से लेकर भरावपर मछली मंडी तक फोरलेन सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इस सड़क का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है और इसे इसी महीने चालू कर दिया जाएगा। स्मार्ट सिटी के प्रबंध निदेशक सह नगर आयुक्त दीपक कुमार मिश्रा ने बताया कि पुराने बस स्टैंड के पीछे के कुछ हिस्से में कार्य शेष है। सड़क के पास से विद्युत ट्रांसफॉर्मर को शिफ्ट करने का आदेश दिया गया है। एक बार यह कार्य पूरा हो जाने के बाद, रामचंद्रपुर की ओर जाने के लिए वाहन चालक इस मार्ग का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**114 करोड़ की लागत से हो रहा निर्माण**: इस मार्ग के चालू होने से भरावपर-अस्पताल मोड़ मार्ग पर वाहनों के लोड में कमी आएगी। निर्माण कार्य के लिए स्मार्ट सिटी से 114 करोड़ रुपए की लागत से अंडरग्राउंड नाला और फोरलेन सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। मछली मंडी से लेकर प्रखंड कार्यालय तक नाला निर्माण कर लिया गया है। फोरलेन सड़क का निर्माण भी अंतिम चरण में है। मोगलकुआं तक सड़क के लिए अभी लोगों को इंतजार करना होगा। इस मार्ग पर सड़क सह नाला का निर्माण कराया जा रहा है। यह परियोजना शहर के विकास के लिए महत्वपूर्ण है और यातायात की भीड़ को कम करने में मदद करेगी। स्मार्ट सिटी के अधिकारियों ने कहा कि निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए संवेदक को निर्देश दिया गया है।

# यूपी हादसे में मरे मजदूरों का शव गया पहुंचा

निज संवाददाता। गया

यूपी के मथुरापुर में हुए सड़क हादसे में गया जिले के मारे गए पांच मजदूरों का शव शुक्रवार की शाम कोंच प्रखंड के हिचहापुर पहुंचा। बताया जा रहा कि सभी हिचहापुर के रहने वाले थे और ईंट भट्ठा पर मजदूरी करने के लिए गए थे। लेकिन रास्ते में इनका पिकअप वैन बिजली के खंभे से टकरा गया। इससे गाड़ी में करंट आ गया गया और पांच लोगों की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, ठेकेदार सभी को हरियाणा के पलवल के लिए ले जा रहे थे। वे गया से अलीगढ़ तक ट्रेन से गए थे और वहां से पिकअप वैन से पलवल के लिए जा रहे थे। डेड बॉडी के पहुंचते ही गांव में चीख पुकार मच गई। बड़ी संख्या में गांव के लोग इकट्ठा हो गए। गांव के श्मशान घाट



पर देर शाम सभी लोगों का दाह संस्कार कर दिया गया। गौरतलब हो कि इस हादसे में कई लोग घायल हैं। उनका अब भी यूपी में ही इलाज चल रहा है। मृतकों में कोच थाना क्षेत्र के हिच्छापुर के चार लोग शामिल थे, जबकि एक परैया थाना क्षेत्र के भी रहने वाले थे। खास बात यह है कि मृतकों की डेड बॉडी यूपी सरकार द्वारा सभी को पोस्टमॉर्टम करने के बाद एंबुलेंस की मदद से गया भेज दिया गया।

# गया में DM ने किया खादी मेला का शुभारंभ

### उद्यमी बाजार में लगाए गए 120 स्टॉल, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना से लाभान्वित लोगों ने लगाया स्टॉल

निज संवाददाता। गया

बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, पटना द्वारा गया के गांधी मैदान में खादी मेला और उद्यमी बाजार का शुभारंभ किया गया। मेले का उद्घाटन जिले के डीएम डॉ.त्यागराजन ने किया। मेले में खादी से बने उत्पाद बड़ी संख्या में रखे हैं। इस मौके पर डीएम डॉ.त्यागराज ने कहा कि गया के गांधी मैदान में आज से शुरू हुआ 12 दिवसीय खादी मेला-सह-उद्यमी बाजार मेला है। इस 12 दिवसीय मेले में पूरे राज्य के 115 खादी और ग्रामोद्योग संस्थानों ने भाग लिया है। साथ ही खादी, हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट, हस्तशिल्प, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, पीएमईजीपी, जीविका समूह और अन्य संस्थाओं के स्टॉल लगाए गए हैं। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना और उद्योग की अन्य योजनाओं के तहत लाभार्थियों के लिए ऐसे मेले का आयोजन एक अच्छी पहल है। इस तरह की प्रदर्शनी का लाभ उठाने के लिए लोगों को मेले में आना चाहिए। इस मेले में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना से लाभान्वित कई लाभार्थियों ने भी अपना स्टॉल लगाया है। काफी बड़ी संख्या में विभिन्न डिजाइन



के खादी और ऊनी कपड़े से बनी सामग्री प्रदर्शित की है जिसे आम लोग खरीद सकेंगे।

**क्रैश क्रॉप से बने उत्पादों के स्टॉल लगे**: बिहार के विभिन्न जिलों की महिलाओं द्वारा बम्बू जैसे क्रैश क्रॉप से बने उत्पादों के स्टॉल भी लगाए गए हैं, जो लोगों को काफी भा रहे हैं। हर काउंटर पर बिहार में उत्पादित अलग-अलग हस्तनिर्मित और आधुनिक उत्पादों की बिक्री की जा रही है। उपभोक्ताओं को काफी आकर्षित कर रही है। यह मेला 18 अक्टूबर से 29 अक्टूबर 2024 तक चलेगा और प्रतिदिन ग्राहकों के लिए सुबह 10:30 बजे से रात 9:00 बजे तक खुला रहेगा।

**खादी और ग्रामोद्योग संस्थाओं ने लिया भाग**: बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी निखिल धनराज निप्पणीकर ने बताया कि खादी मेले में गोपालगंज, सीवान, मधुबनी, भागलपुर, गया, बांका सहित राज्य के सभी जिलों की खादी और ग्रामोद्योग संस्थाओं ने भाग लिया है। मेले में हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट की 60 संस्थाओं द्वारा बिहार में उत्पादित अपने उत्कृष्ट सामग्रियों के साथ भाग लिया गया है। इस मेले का मुख्य उद्देश्य खादी वस्त्रों और ग्रामोद्योगी उत्पादों का प्रचार-प्रसार करना और उत्पादकों को बाजार उपलब्ध कराना है, ताकि अधिक से अधिक बिक्री हो सके और इससे जुड़े कामगारों को प्रोत्साहन मिले। खादी और ग्रामोद्योग पूरे देश के साथ बिहार में भी करोड़ों लोगों की आजीविका का साधन है। इसके लिए आज हम सभी को खादी के प्रति संकल्प लेने का दिन है। हम सब मिलकर खादी और ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने के लिए संकल्प लें कि कम से कम खादी का एक वस्त्र हर घर में हो, ताकि राज्य के हजारों बुनकरों और युवाओं को रोजगार मिल सके।

# विश्व शांति स्तूप स्थापना दिवस पर इंटीग्रेटेड भवन का उद्घाटन, देशी-विदेशी सैलानियों को मिलेगी सारी सुविधाएं

निज संवाददाता। नालंदा

विश्व शांति स्तूप की स्थापना की 55वीं वर्षगांठ पर 25 अक्टूबर को रत्नागिरी की तलहटी में बने इंटीग्रेटेड बिल्डिंग का उद्घाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा किया जाएगा। वन विभाग के द्वारा इस भवन का नाम शांति भवन देने का प्रस्ताव दिया गया है। इंटीग्रेटेड भवन को फाइनल टच देने का काम किया जा रहा है। देशी विदेशी सैलानियों को एक ही छत के नीचे सारी सुविधाएं मिलेगी। साल 2022 में इंटीग्रेटेड भवन निर्माण के लिए पर्यटन विभाग की राशि से 16 करोड़ की स्वीकृति मिली थी। जिसके बाद इसे धरातल पर उतारा गया।

**एक छत के नीचे सारी सुविधाएं**: राजगीर के विश्व शांति स्तूप, गृद्ध कूट पहाड़ी और घोड़ा कटोरा जाने के मार्ग में आकाशीय रज्जू मार्ग के पास पर्यटकों को और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह निर्माण कराया गया है। यहाँ आने वाले देशी विदेशी पर्यटकों



के लिए एक ही छत के नीचे शॉपिंग से लेकर चाय,कॉफी,नाश्ता, भोजन के अलावे अन्य खाने पीने तक की सारी सुविधाएं यहां मिलेगी। इंटीग्रेटेड भवन में पर्यटकों के लिए हर तरह की दुकान रेस्टोरेंट, फूड कोर्ट आदि की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके साथ ही बिल्डिंग में लिफ्ट, महिला और पुरुष के लिए अलग-अलग शौचालय पार्किंग रैंप आदि की भी सुविधा उपलब्ध होगी।

**जीविका दीदीयों को आर्ट एंड क्राफ्ट के लिए दी जाएगी दुकान**: इंटीग्रेटेड भवन में जिसे शांति भवन का नाम देने का प्रस्ताव दिया गया है। इस भवन में 19 दुकान हैं। पहली मंजिल पर खाने-पीने के सामान बेचने वाली छह दुकान होगी। इसके बगल में टिकट काउंटर होगा। वहां रोपवे के साथ ही घोड़ा कटोरा जाने वालों के लिए टिकट मिलेगी। कैंपस के अंदर बस, टेंपो, कार, जीप अन्य वाहनों के लिए अलग-अलग स्टैंड बनाए गए हैं। जबकि कैंपस के बाहर टमटम स्टैंड बनाया गया है। शांति भवन में जीविका की महिलाओं को आर्ट एंड क्राफ्ट के सामान रखने के लिए दुकान दी जाएगी। किसी भी संचालक को 5 साल के लिए दुकान अलॉट की जानी है।

**1978 में विश्व शांति स्तूप का हुआ था निर्माण**: जापानी बौद्ध भिक्षु फुजाई गुरुजी ने राजगीर के रत्नागिरी पहाड़ पर पर 25 अक्टूबर 1978 ई. को विश्व शांति स्तूप मंदिर का निर्माण रत्नागिरी पहाड़ पर कराया था तभी से प्रत्येक वर्ष 25 अक्टूबर को विश्व शांति स्तूप वर्षगांठ मनाया जा रहा है। इसी पर्वत से ही भगवान बुद्ध ने पूरे विश्व को शांति का उपदेश दिया था। मनोरम दृश्य के नाम से अपनी पहचान स्थापित करने वाली पंच पहाड़ियों पर विश्व भर के बौद्ध भिक्षु आकर पूजा अर्चना करते हैं और शांति का संदेश देते हैं।

# उपचुनाव को लेकर DRDA कार्यालय में नामांकन शुरू

निज संवाददाता। गया

उपचुनाव को लेकर शहर के DRDA कार्यालय में आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। नामांकन प्रक्रिया 25 अक्टूबर तक चलेगी। इसे लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। हालांकि, पहले दिन किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन पर्चा दाखिल नहीं किया। ट्रैफिक व्यवस्था को पटरी पर बनाए रखने के लिए कई जगहों पर बैरिकेडिंग भी की गई है। कहीं कोई परेशानी न हो इसे लेकर डीएम डॉ. त्यागराजन ने डीआरडीए कार्यालय का निरीक्षण किया और उपस्थित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नामांकन को लेकर विधि व्यवस्था और शांति व्यवस्था बहाल रहे, इसे लेकर उप विकास आयुक्त कार्यालय, SBI मेन ब्रांच के बाहर स्वयं पहुंचकर कर एकल मार्ग, ट्रैफिक व्यवस्था, वाहन पड़ाव, नो एंट्री, ड्राप गेट, बैरिकेडिंग इत्यादि के बारे में अनुमण्डल पदाधिकारी सदर और अपर पुलिस अधीक्षक से जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया है कि



मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट का सख्ती से पालन कराए।इस दौरान उन्होंने बताया कि प्रत्याशी सहित मात्र 5 व्यक्ति ही निर्वाची पदाधिकारी के कक्ष में अपना नामांकन पत्र समर्पित करने आ सकेंगे। किसी भी प्रत्याशी के अधिकतम 3 वाहन ही 100 मीटर की परिधि में आ सकेंगे। नामांकन में भाग लेने के समय कोई भी अगर जुलूस, रैली, सभा, रोड शो करेंगे तो उसकी विधिवत अनुमति अनुमंडल पदाधिकारी से प्राप्त करना होगा। नामांकन को लेकर बैरिकेडिंग भी की गई है। उन्होंने बताया कि गया जिले के इमामगंज विधानसभा और बेलागंज विधानसभा में होने वाले चुनाव की नामांकन प्रक्रिया डीआरडीए कार्यालय में ही संपन्न होगी।

# कल कुर्सियां चलीं, आज 2 कैंडिडेट का ऐलान किया

♦ विरोध के बाद जनसुराज ने बेलागंज से खिलाफत हुसैन तो ईमामगंज से जितेंद्र पासवान को उतारा

निज संवाददाता। गया

प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज ने विरोध के बीच बिहार विधानसभा उपचुनाव के लिए अपने उम्मीदवार का ऐलान कर दिया है। पार्टी ने गया के इमामगंज से डॉ. जितेंद्र पासवान को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं, बेलागंज से खिलाफत हुसैन को पार्टी ने अपना उम्मीदवार बनाया है। खिलाफत जिले के मिर्जा गालिब कालेज में मैथ्स का प्रोफेसर हैं। जबकि डॉ. जितेंद्र शिशु रोग विशेषज्ञ और कम पैसों में बेहतर इलाज के लिए जाने जाते हैं। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज भारती ने शनिवार को दोनों के नाम का ऐलान किया। पार्टी अब तक उपचुनाव के लिए तीन उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी है। इससे पहले जन सुराज ने तरारी से लेफ्टिनेंट जनरल श्री कृष्ण सिंह को उम्मीदवार बनाया है। इससे पहले गया में शुक्रवार रात प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी की बुलाई गई बैठक में जमकर बवाल हो गया। पार्टी ने बिहार विधानसभा के उपचुनाव में प्रत्याशियों के चयन को लेकर बैठक बुलाई थी, इसी दौरान वहां मौजूद कार्यकर्ता भड़क गए तो हंगामा शुरू करने लगे। दरअसल, पीके ने गया के बेलागंज विधानसभा से मुस्लिम प्रत्याशी को उपचुनाव में टिकट देने का ऐलान किया गया। पार्टी की ओर से इसे लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया जा रहा था, लेकिन मुस्लिम समुदाय से ताल्लुक रखने वाले दो उम्मीदवारों के समर्थक अपने-अपने नेता के समर्थन में नारेबाजी करने लगे। प्रशांत किशोर मंच से कहते रहे, 'ऐसा मत कीजिए, हम दबाव में काम नहीं करते हैं। मुझे पैसों और आपकी संख्या की जरूरत नहीं।' लेकिन कार्यकर्ताओं ने उनकी बात नहीं सुनी और उग्र हो चुके लोगों ने



तोड़फोड़ शुरू कर दी। जिसको जो मिला तोड़फोड़ मचाने लगे। हंगामा कर रहे लोग कुर्सियां उछालने लगे। हंगामा के बाद पीसी बीच में ही कैंसिल कर दी गई। जनसुराज से किसी प्रत्याशी का नाम फाइनल किए बगैर ही पीके मंच से उतर गए।

**एक का नाम लेने पर दूसरे के समर्थक आक्रोशित**: प्रशांत किशोर ने सभा से संबोधित करते हुए कहा बेलागंज की जनता जिसमें सभी समुदाय के लोगों की सहमति बनी है कि बेलागंज से किसी अल्पसंख्यक को ही प्रत्याशी बनाया जाए। इसमें खिलाफत हुसैन का नाम है। यह सुनते ही अमजद हसन के समर्थक भड़क गए। नारे लगाने लगे और देखते ही देखते हंगामा होने लगा। इस बवाल के बीच पीके बेबस नजर आने लगे। कहने लगे हम दवाब में काम नहीं करते हैं। इसी बीच अमजद हसन ने घोषणा कर दी कि के वे पार्टी के लिए समर्पित रहेंगे और वह खिलाफत हुसैन के नाम का प्रस्ताव देते हैं। इसके बावजूद बैठक में हंगामा होता रहा। मंच से आखिरकार प्रत्याशी के नाम पर मुहर नहीं लग सकी।

**तरारी से लेफ्टिनेंट जनरल एसके सिंह जन सुराज के कैंडिडेट**: प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज बिहार में चार सीटों पर होने वाले उपचुनाव में ताल ठोक रही है। पीके ने बुधवार को तरारी से लेफ्टिनेंट जनरल श्री कृष्ण सिंह को उम्मीदवार बनाया है। पीके की इस पार्टी की यह पहली चुनावी परीक्षा होगी। इन सभी सीटों पर पीके की पार्टी का मुकाबला एनडीए और महागठबंधन के कैंडिडेट से होगा। एसके सिंह ने कहा, 'मैं अग्निवीर से खुश नहीं हूं। जब कोई सैनिक नौकरी करता है 15-20 साल साल गुजर जाने के बाद अपने बारे में बताता है कि वो किस पद पर है, लेकिन अग्निवीर में वो नहीं है जो ठीक नहीं है। चार साल कम करने के बाद क्या अग्निवीर में वो भावना आ पाएगी जो सालों तक सेना में काम करने वाले में होती है।'

## संक्षिप्त समाचार

### बड़का डुमरा के पास बनेगा पुल, कई गांवों में नई सड़क : धनंजय

**आरा**। सदर आरा प्रखंड में बड़का डुमरा गांव के समीप धारा पुल के निर्माण का मार्ग अब प्रशस्त हो गया है। आरा सदर पूर्वी 25 के जिला परिषद सदस्य धनंजय यादव ने बताया कि भोजपुर जिला परिषद की बैठक में कई बार धारा पुल के निर्माण संबंधित सवाल रख कर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया था। पूर्व उप विकास आयुक्त विक्रम वीरकर के वजह से इसका निर्माण होना संभव हो पाया है। अगले वित्तीय वर्ष में नए पुल की सौगात मिलेगी। इस पुल के निर्माण होने से आरा प्रखंड क्षेत्र के सिंगही, शोभी डुमरा, मखदुमपुर, बड़का डुमरा, भेल डुमरा, निर्मलपुर, सारंगपुर, महुली, पिरौंटा समेत आरा-सिन्हा रोड, आरा-केशोपुर रोड, आरा सलेमपुर रोड के किनारे बसे दर्जनों गांव के लोगों के लिए आवागमन की सुविधा बहाल होगी।

### पुलिस केंद्र मदहद में सभी थानों से मंगाए गए थे एक-एक वाहन

**बक्सर**। पुलिस केन्द्र मदहह में शुक्रवार को वाहन परेड का आयोजन किया गया। वाहन परेड के दौरान वाहनों की कमी, चालकों की स्थिति का निरीक्षण किया गया। खराब वाहनों को तत्काल दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। पुलिस को खटारा वाहनों से निजात भी मिलेगी। शुक्रवार को महदह स्थित पुलिस केन्द्र में वाहन परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस के वाहनों की जांच की गई। एसपी शुभम आर्य वाहन परेड के दौरान मौके पर उपस्थित रहे। उन्होंने सभी वाहनों का बारीकी से निरीक्षण किया। वाहन परेड के दौरान पुलिस चालकों का कौशल भी देखा गया। इस दौरान पुलिस चालकों के वाहन चलाने के दौरान बरतने वाली सावधानियों के बारे में भी बताया गया। सार्जेंट मेजर मनोरंजन कुमार ने बताया कि सभी थाना से एक-एक वाहनों को लाया गया था। वहीं पुलिस केन्द्र में मौजूद वाहन भी परेड में हिस्सा लिए। वहीं थाना में शेष बचे वाहनों को बारी-बारी से पुलिस केन्द्र लाकर परेड कराया जाएगा। उक्त वाहनों में जो भी कमी मिलेगी उसे तत्काल दूर कराने का कार्य किया जाएगा। एसपी ने कमी मिलने पर वाहनों को तत्काल दुरुस्त करने का निर्देश दिया। बता दें कि कई थाना में अभी भी ऐसे वाहन मौजूद है जो काफी पुरानी हो चुकी है। ऐसे वाहन आए दिन खराब हो जाती है। जिससे पुलिस टीम को कई बार परेशानी झेलनी पड़ती है।

### बीआरसी भवन में 6 से 18 साल के दिव्यांग बच्चों की हुई जांच

**मेसकौर**। मेसकौर मेसकौर प्रखंड के मुख्यालय स्थित बीआरसी भवन में बिहार शिक्षा परियोजना और सर्व शिक्षा अभियान की ओर से प्रखंड स्थित दिव्यांग बच्चों के लिए मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया, शिविर का उद्घाटन बी ई ओ नौशाद अहमद ने किया। जाँच टीम के वरीय सदस्य डॉक्टर आलोक कुमार, एवं डॉक्टर मृत्युंजय कुमार ने बताया कि शिविर में 6 से 18 साल के बच्चो की जाँच की गईं।शिविर में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से आये दिव्यांग बच्चों का मूल्यांकन किया गया, जांच रिपोर्ट आने के बाद बच्चों को जरुरत के अनुसार उन्हें किट दिया जायेगा इसके बाद बच्चों को ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, वैशाखी, कैलीपर्स, इयर इन हेयर सहित अन्य उपकरण दिये जायेंगे फिजियोथेरेपिस्ट आलोक कुमार ने बताया की शिविर में 80 बच्चो की जाँच की गईं। जांच मूल्यांकन के हिसाब से 25 बच्चो को ट्राइसाइकिल व व्हिलचेयर, 7 बच्चो को कान का मशीन, 5 बच्चो को कृत्रिम अंग के लिए चयन किया गया है।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जाँच टीम के सदस्य किरण कुमारी, प्रीति कुमारी, बीपीएम चंदन कुमार, बी आर पी वीरेंद्र रविदास, प्रभात कुमार, नरेश प्रसाद, अकाउंटेंट उमेश प्रसाद, रवि कुमार, राजेश कुमार एवं सदाम हुसैन ने सहयोग किया।

### स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान की सफलता को ले प्रशिक्षण

**आरा**। शहीद विद्या भवन सभागार, आरा में शुक्रवार को स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) को लेकर उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के लिए भोजपुर जिले के 4 प्रखंडों आरा सदर, कोईलवर, संदेश व उदवंतनगर में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का अधिष्ठान किया गया है। इसके सफल संचालन कराने के लिए जीविका सीएमएफ के टीम के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक, बीपीएम जीविका को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के राज्य सलाहकार रजनीश वर्मा, प्रभात रंजन, वरुण कुमार, जीविका डीपीएम, क्रांति कुमार, एपीओ, रंजय बैठा, जिला समन्वयक, विनय कुमार, रौशन कुमार जिला सलाहकार, अमित कुमार सिंह जिला परियोजना पदाधिकारी भीम कुमार, जिला समन्वयक आईटीसी उपस्थित रहे। जिला जल व स्वच्छता समिति द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत अपशिष्ट प्लास्टिक प्रबंधन इकाई का संचालन वर्तमान में जिला के चार प्रखंड कोइलवर, आरा सदर, संदेश व उदवंतनगर में संचालित है। पूर्ण स्वच्छता के उद्देश्य से पूरे जिले में स्वच्छता कार्यक्रम संचालित है।

### पंचायतों में लगी कई सोलर लाइट खराब



**गड़हनी**। गांवों के गलियों को जगमग करने को ले सरकार ने पंचायत के सभी वार्डों में सोलर लाइट लगाया लेकिन एक से दो माह बाद ही कई स्थानों पर लगा लाइट खराब हो गया। बराप पंचायत के वार्ड 2 व 3 में तीन जगहों पर लगा लाइट खराब है। बराप मुखिया चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि सितंबर माह में लाइट लगा था लेकिन एक दे डेढ़ माह के अंदर ही खराब हो गया इसलिये अगले वार्ड में लगाने को ले सूची नही भेजे है क्योंकि लाइट सही नही लगाया जा रहा है। बगवां पंचायत के वार्ड 3 में दिनेश्वर सिंह के घर के पास लगा लाइट खराब है। मुखिया ने कही की ठेकेदार के पास भी फोन से बताया गया लेकिन उसको ठीक नही कराया जा रहा है। बड़ौरा पंचायत में भी एक दो जगहों पर लाइट खराब था। लेकिन बदल दिया गया। बता दे कि पिछले माह में सभी पंचायतों के 4 वार्ड में सोलर लाइट लगाने का काम पूरा हुआ है क्योंकि पहले सिर्फ 4 वार्ड में ही लाइट लगाना है। एक वार्ड में 10 जगहों को चिन्हित कर सूचि दिया गया था। सरकार का स्कीम है सभी वार्डों में सोलर लाइट लगाना है।

# 45 किलो के 3 हाथी के दांत जब्त, 8 बदमाश अरेस्ट

## आरा-बक्सर में वन विभाग की टीम ने की कार्रवाई, दिल्ली से मिली थी गुप्त सूचना

निज संवाददाता। आरा




भोजपुर में हाथी के दांत की तस्करी करते हुए वन विभाग की टीम ने आठ बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इन सभी के पास से हाथी का बेशकीमती दांत बरामद हुआ है। तस्करों से वन विभाग की टीम गहराई से पूछताछ कर रही है। वन विभाग की टीम ने आरा और बक्सर के ब्रह्मपुर क्षेत्र में शुक्रवार को छापेमारी की। तस्करी के लिए छुपाकर रखे गए हाथी का तीन बेशकीमती दांत बरामद किया है। मामले की जानकारी देते हुए भोजपुर-बक्सर एरिया के वन विभाग के डीएफओ विकास अहलावत ने बताया कि बरामद तीनों दांत का वजन करीब 45 किलो के आसपास है। साथ ही पशु तस्करी से जुड़े अन्य अंग भी मिले है। बता दें कि वन विभाग की टीम को दिल्ली से सूचना मिली थी। इसके आधार पर कार्रवाई हुई है।

**गैंग से जुड़े नेटवर्क को खंगाल रही टीमः** मामले में वन विभाग की टीम ने करीब आठ बदमाश को पकड़ा है। जिनसे अभी गहराई से पूछताछ चल रही है। इसमें एक दांत आरा से व दो दांत बक्सर से मिला है। वन विभाग की टीम पूछताछ कर हाथी के दांत की खरीद-बिक्री करने वाले गैंग से जुड़े नेटवर्क को खंगाल रही है। साथ ही अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। डीएफओ ने बताया कि वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल, ब्यूरो, दिल्ली से गुप्त सूचना मिली थी कि आरा और बक्सर के ब्रह्मपुर में हाथी के दांत की खरीद-बिक्री की जा रही है। इसके बाद टीम गठित कर पुलिस के सहयोग से शुक्रवार को आरा और बक्सर के ब्रह्मपुर में छापेमारी की गई। आरा टाउन थाना क्षेत्र के मीरगंज, सब्जी गोला मोहल्ला में छापेमारी कर करीब 35 किलो का हाथी का एक दांत बरामद किया गया। इस मामले में टीम सब्जी गोला, मीरगंज से उपेन्द्र सिंह, आशीष कुमार, नरेन्द्र सिंह, आकाश के अलावा छीने गांव के उदय भान सिंह और जगदेवनगर के प्रदीप कुमार को पकड़ा गया है।

**सासाराम-रोहतास में छापेमारी जारीः** इसके अलावा बक्सर के ब्रह्मपुर क्षेत्र में भी टीम ने छापेमारी कर हाथी के दो दांत समेत पशु तस्करी से जुड़े कुछ अंग बरामद किया है। दो सदस्यों से पूछताछ चल रही है। टीम गैंग से जुड़े अन्य सदस्यों को दबोचने के लिए सासाराम, रोहतास आदि जिलों में भी छापेमारी कर रही है।

## हथियार के साथ दो बदमाशों को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर पुलिस ने उदवंतनगर थाना क्षेत्र के दक्षिण एकौना गांव में पुलिस ने छापेमारी कर एक देसी दोनाली बंदूक और एक रिवॉल्वर बरामद किया है। साथ ही दो बदमाशों को पकड़ा है। इसकी जानकारी एसपी राज ने दी है। उन्होंने बताया कि उदवंतनगर थाना के दक्षिण एकौना गांव निवासी आयुष कुमार उर्फ मुसा और आकाश कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

**आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकीः** बरामद दोनाली बंदूक व रिवॉल्वर देसी है। इसे लेकर पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी की है। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दक्षिण एकौना निवासी आयुष उर्फ मुसा अवैध हथियार लेकर कही जाने वाला है। इसके बाद थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गई। टीम ने आयुष उर्फ मुसा को गिरफ्तार कर उसके घर से हथियार बरामद किया गया। उसकी निशानदेही पर टीम ने छापेमारी कर आकाश कुमार को पकड़ा। बाद में उसकी निशानदेही पर उसके घर से एक दोनाली बंदूक बरामद किया गया। कागजात प्रस्तुत नहीं किए जाने पर पुलिस आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी कर आगे की कार्रवाई कर रही है। पूर्व के आपराधिक इतिहास के बारे में भी पता लगाया जा रहा है। एसपी ने बताया कि संपूर्ण जिले में अवैध हथियारों की बरामदगी को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

♦ दहशत फैलाने के लिए निकलने वाले थे, छापेमारी में एक की निशानदेही पर दूसरा धराया

## भोजपुर में बाइक से गिरकर मां-बेटे घायल

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के नगर थाना क्षेत्र के धनुपरा गांव के समीप शुक्रवार को सड़क हादसे में बाइक सवार मां-बेटे जख्मी हो गए। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से परिजनों को जानकारी दी गई। आनन–फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां महिला की स्थिति काफी गंभीर बताई जा रही है। जख्मियों में नगर थाना क्षेत्र के धरहरा गांव निवासी सिद्धनाथ यादव की 50 वर्षीय पत्नी सुशीला देवी और बेटा 23 वर्षीय धर्मदेव कुमार शामिल है। इधर जख्मी बेटे धर्मदेव कुमार ने बताया कि मां के साथ शुक्रवार की सुबह बक्सर जिला के बरहमपुर गांव अपने मामा शिव मुनि यादव के घर घूमने के लिए गए थे। जब बाइक से वापस लौट रहे थे इसी बीच धनुपरा गांव के समीप सामने से आ रहे बाइक सवार की वजह से हमारी बाइक अनियंत्रित हो गई। घायल ने कहा कि जख्मी हालत में सड़क पर छटपटा रहे थे। तभी ग्रामीणों की मदद से इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज कराया जा रहा है। चिकित्सक ने बताया कि महिला के शरीर में अंदरूनी चोट और युवक के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। दोनों का प्राथमिक उपचार कर दिया गया है। इमरजेंसी वार्ड में ऑब्जर्वेशन में रखकर इलाज किया जा रहा है।

♦ रिश्तेदार के घर से लौट रहे थे दोनों, स्थानीय ग्रामीणों ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल

## जहानाबाद के गायब युवक का बक्सर में मिला कंकाल, शव के पास से मोबाइल-घड़ी बरामद

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के कर्मनाशा रेलवे पुल के पास शुक्रवार की दोपहर एक युवक का शव मिला। युवक जहानाबाद का रहने वाला है। शव देखने से यह प्रतीत हो रहा है कि मौत 8 से 10 दिन पहले हुई है।शव सड़ा-गला है, सिर्फ कंकाल बच गया है। लापता युवक को ढ़ूढ़ते हुए परिजन जब पुल के पास पहुंचे, तो पास में उसके घड़ी, मोबाइल, लॉकेट, कपड़े से उसकी पहचान हुई है। इसके बाद परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंच कर कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाया है। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जाएगा। वहीं, परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताई है।

**पटना जाने का कह कर घर से निकला था युवकः** मृत युवक जहानाबाद कलपा गांव निवासी राहुल कुमार उर्फ अंकित(25) है। परिजनों को घर से 6 अक्टूबर को कह कर निकला था की वो पटना दोस्त से मिलने जा रहा है। लेकिन अपने गांव के दोस्त गोलू से बताया था कि वो मुगलसराय लड़की से मिलने जा रहा है। दोस्त ने बताया कि 7 अक्टूबर को फोन कर बताया था कि उससे मिलकर वापस ट्रेन पकड़ कर आ रहा हूं। यह भी बताया था की थोड़ी शराब भी पी रखी है।

**इंस्टाग्राम से हुआ था प्यारः** ट्रेन में बैठने के बाद भी मेरे से वो बात कर रहा था। लेकिन कुछ ही देर बाद उसकी ट्रेन में किसी और यात्री से लड़ाई हो गई। इसके कुछ समय बाद उसका मोबाइल बंद आ रहा था। इंस्टाग्राम से लड़की से प्यार हुआ था। उसी से मिलने अक्सर मुगलसराय जाया करता था।

**2 दिन बाद थाना में लापता होने की लिखाई रिपोर्टः** मृतक के चचेरे भाई कौशल कुमार ने बताया कि घर से दोस्तों से मिलने के लिए जाता था, तो एक दो दिन वैसे भी गायब रहता था। 7 अक्टूबर को दोस्त से बात होने के बाद भी जब 2 दिन तक वो घर नहीं लौटा तो हमलोगों ने जहानाबाद थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई। पटना से मुगलसराया के बीच में कोई ऐसा स्टेशन और हॉल्ट नहीं है, जहां इसको नहीं ढूंढे। आज 11वें दिन चौसा कर्मनाशा रेलवे पुल के पास ढूंढ़ने के दौरान कंकाल उसका दिखाई दिया। इसकी पहचान कंकाल में लिपटे उसके कपड़े और पास में पड़े मोबाइल, घड़ी लॉकेट आदि से हुई। इसके बाद हम लोगों ने पुलिस को सूचना दी। चचेरा भाई ने कहा कि उसकी हत्या किसी ने की है। ट्रेन में मारपीट कर फेंक दिया है या चलती ट्रेन से किसी ने धक्का दे दिया है। सुनसान जगह था। झाड़ी में सब कुछ पड़ा हुआ था। इस संबंध में जानकारी देते हुए मुफस्सिल थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस सूचना पर पहुंची हुई है। FSL टीम का इंतजार हो रहा है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जाएगा।पुलिस रिपोर्ट बना कर घटना की जांच करेगी। हत्या है या ट्रेन से गिरकर मौत हुई है, इसकी जांच होगी।

# पुनर्विकास कार्य तेजी से जारी, उपलब्ध होंगी उन्नत यात्री सुविधाएं



**हाजीपुर**। रेलवे स्टेशनों पर विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के महत्व पर जोर दिया गया है । इसी प्रयास के तहत् एक बड़े कदम के रूप में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत् रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है । इसके तहत पूर्व मध्य रेल के 97 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य विभिन्न चरणों में है । इनमें सोनपुर मंडल का मुजफ्फरपुर स्टेशन भी शामिल है। मुजफ्फरपुर स्टेशन का पुनर्विकास कार्य लगभग 442 करोड़ रूपए की लागत से किया जा रहा है । निर्माण कार्य तेजी से करते हुए इस स्टेशन के तीन मंजिल कंबाइंड टर्मिनल बिल्डिंग का लगभग 94 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो गया है जबकि उत्तर दिशा में मुख्य स्टेशन बिल्डिंग का 31 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है । रेल यात्रियों के स्टेशन पर आगमन एवं प्रस्थान के लिए अलग-अलग व्यवस्था के तहत आगमन भवन एवं प्रस्थान भवन का निर्माण किया जा रहा है जिससे यात्रियों को भीड़-भाड़ का सामना नहीं करना पड़े । इसके लिए स्टेशन के दक्षिण दिशा में मुख्य स्टेशन बिल्डिंग (डिपार्टर ब्लॉक) का 33 प्रतिशत एवं मुख्य स्टेशन बिल्डिंग (अराइवल ब्लॉक), जो तीन मंजिल का होगा इसका भी लगभग 40 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है । जबकि स्टेशन के दक्षिण दिशा में बुकिंग पूछताछ काउंटर का कार्य शत-प्रतिशत पूरा हो गया है । यहां एलिवेटेड रोड का भी निर्माण किया जा रहा है जिसका लगभग 39 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है । यात्रियों के सुगम आवागमन हेतु 18 मीटर चौड़ा एफओबी तथा स्टेशन के दक्षिण दिशा में 108 मीटर चौड़ा कॉनकोर्स एरिया बनाया जा रहा है । स्टेशन पर अत्याधुनिक सुविधा युक्त प्रतीक्षालय, अतिरिक्त टिकटिंग सुविधा, दिव्यांग अनुकूल सुविधाएं, ग्रीन ऊर्जा हेतु स्टेशन भवन पर सौर पैनल, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, वाटर रिसाइक्लिंग प्लांट, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं अग्निशमन आदि का प्रावधान होगा। स्टेशन पर यात्रियों को सेवा प्रदान करने की क्षमता में भी वृद्धि होगी । आने वाले दिनों में पुनर्विकास से जुड़े कार्य पूरा होने के बाद मुजफ्फरपुर स्टेशन को पूरी तरह से हाईटेक लुक देते हुए वर्तमान की तुलना में मुख्य स्टेशन भवन तथा पार्किंग एरिया के लिए अपेक्षाकृत अधिक जगह उपलब्ध होंगे । यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। साथ ही यहां तकनीक, स्थानीय संस्कृति और समृद्ध विरासत का आकर्षक मेल देखने को मिलेगा । स्टेशन पुनर्विकास का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को बेहतर एवं सुखद यात्रा का अनुभव, संरक्षा में वृद्धि तथा उन्नत यात्री सुविधाएं प्रदान करना है ।

स्टेशन को अत्याधुनिक सुविधा से सुसज्जित करते हुए स्टेशन को ग्रीन बिल्डिंग का रूप दिया जाएगा, जहां वेंटिलेशन आदि की पर्याप्त व्यवस्था होगी। स्टेशन पर एक्सेस कंट्रोल गेट एवं प्रत्येक प्लेटफार्म पर एस्केलेटर एवं लिफ्ट लगाए जाएंगे, ताकि एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर आने-जाने में यात्रियों को सुविधा हो। यात्रियों को प्रदान की जाने वाली आवश्यक सुविधाओं में खान-पान, वॉशरूम, पीने का पानी, एटीएम, इंटरनेट आदि शामिल होंगे ।

## करवाचौथ को लेकर बाजारों में उमड़ी भीड़, बाजार में सजी दुकानें

**बक्सर** । करवाचौथ व्रत को लेकर बक्सर के बाजारों में खरीदारी के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ रही है। बाजार में साड़ी, चूड़ी, मिट्टी के करवा, नारियल, के अलावा मेहंदी लगवाने के लिए महिलाएं काफी उत्साहित दिखाई दे रही हैं। 20 अक्टूबर को इस साल करवा चौथ मनाया जा रहा है। जिसको लेकर दुकानदारों ने अबतक के कारोबार को लेकर बताया है कि कारोबार अच्छा चला है। कल दोपहर तक कारोबार में और बढ़ोतरी की भी संभावना है।

ब्यूटी पार्लर और मेंहदी की दुकान में भीड़ः करवा चौथ आते ही बाजार में आकर्षक डिजाइन की मेहंदी लगाने वाले डिजाइनर्स के व्यापार में तेजी आ जाती है। मेहंदी लगाने वाले दुकानदार महिलाओं को केटलॉग से डिजाइन दिखाकर मेहंदी लगा रहे हैं। दुकानों में हर दिन लगातार भीड़ बढ़ रही है। ब्यूटी पार्लर में महिलाओं की भिड़ दो दिन पहले से ही देखने को मिल रही है। शहर से लेकर गांव की महिलाएं मेहंदी और श्रृंगार के लिए पहले से अपना बुकिंग करा चुकी है।

## दक्षिण पूर्व रेलवे ने दक्षिण मध्य रेलवे को पराजित करते हुए 46वां अखिल भारतीय रेलवे महिला कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब किया अपने नाम

**हाजीपुर**। पटेल इंडोर स्पोर्टस काम्पलेक्स, पाटलिपुत्र रेल परिसर, दीघा, पटना में चल रहे 46वां अखिल भारतीय रेलवे महिला कबड्डी प्रतियोगिता के अंतिम दिन आज दिनांक 19.10.2024 को प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया जिसमें दक्षिण पूर्व रेलवे, कोलकाता ने दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद को एक कड़े मुकाबले में 37-36 से पराजित करते हुए प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया । तीसरे और चौथे स्थान के लिए खेले गए मैच में पूर्व रेलवे ने पश्चिम रेलवे को एक नजदीकी मुकाबले में 32-31 से पराजित कर तीसरा स्थान प्राप्त किया । दक्षिण मध्य रेलवे की सुश्री पूजा नरवल को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, दक्षिण पूर्व रेलवे की सुश्री अंशु देवी सर्वश्रेष्ठ ऑलरांउडर, दक्षिण पूर्व रेलवे की सुश्री महिमा को सर्वश्रेष्ठ रेडर तथा पूर्व रेलवे की सुश्री डिम्पल को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ कैचर घोषित किया गया । इसके उपरांत पूर्व मध्य रेल के अपर महाप्रबंधक श्री अमरेन्द्र कुमार द्वारा प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेता टीम एवं उनके खिलाड़ियों को ट्राफी प्रदान पर पुरस्कृत किया गया । इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति एवं सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। इस अवसर पर प्रधान मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर सह पूर्व मध्य रेल क्रीड़ा संघ के अध्यक्ष श्रीमती सविता गेडाम एवं पूर्व मध्य रेल क्रीड़ा संघ के महासचिव श्री प्रोशेनजीत चक्रवर्ती सहित अन्य उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे। विदित हो कि पटेल इंडोर स्पोर्टस काम्पलेक्स, पाटलिपुत्र रेल परिसर, दीघा, पटना में दिनांक 16.10.2024 से 19.10.2024 तक 46वां अखिल भारतीय रेलवे महिला कबड्डी प्रतियोगिता खेला जा रहा था। इस प्रतियोगिता में पूर्व मध्य रेल, पश्चिम रेलवे, मध्य रेलवे, उत्तर रेलवे, पूर्व रेलवे, दक्षिण पूर्व रेलवे, दक्षिण मध्य रेलवे, पूर्वोत्तर रेलवे एवं पूर्व तटीय रेलवे सहित भारतीय रेल के कुल नौ क्षेत्रीय रेलों के खिलाड़ी एवं तकनीकी अधिकारियों ने भाग लिया । प्रतियोगिता के अंतिम चार टीमों में दक्षिण पूर्व रेलवे, दक्षिण मध्य रेलवे, पूर्व रेलवे तथा पश्चिम रेलवे शामिल रहीं जिनके बीच सेमीफाइनल मैच खेला गया. पहले सेमीफाइनल मैच में दक्षिण मध्य रेलवे ने पश्चिम रेलवे को 44-31 से तथा दूसरे सेमीफाइनल मैच में दक्षिण पूर्व रेलवे ने पूर्व रेलवे को 32-27 से पराजित करते हुए फाइनल में पहुंची थी।




## बिजली तार की मरम्मती को लेकर अधिकारियों ने किया निरीक्षण, नए पावर सब स्टेशनों का निर्माण

**बक्सर** । बक्सर जिले के विभिन्न इलाकों में जर्जर हो चुके विद्युत तारों की मरम्मत और उन्हें भूमिगत करने की दिशा में अधिकारियों ने निरीक्षण किया है। जिसके बाद विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद यह कार्य होगा। यह पहल पूर्व जिला परिषद सदस्य रमावती देवी की ओर से बिहार सरकार ऊर्जा सचिव और साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड प्रबंध निदेशक को लिखे गए पत्र और उनके पुत्र, भाजपा नेता विजय मिश्रा की पहल के बाद की जा रही है। पत्र के आधार पर बिजली कंपनी के भोजपुर अधीक्षण अभियंता अविनाश कुमार अपनी टीम के साथ बक्सर जिले के विभिन्न इलाकों का निरीक्षण किया। विद्युत आपूर्ति को बेहतर बनाने के लिए नए पावर सब स्टेशनों का निर्माणः अधीक्षण अभियंता ने बताया कि विजय मिश्रा की पहल पर बक्सर नगर के विभिन्न हिस्सों में लटके जर्जर विद्युत तारों, मकान के छत से गुजर रहे बिजली के तारों का निरीक्षण किया गया है।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं. 41–एसडीएसटीई–एएसएन–2024–25, दिनांक 18.10.2024,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थानः** आसनसोल मंडल–निम्नलिखित के सिलसिले में एस एंड टी कार्य (1) सीतारामपुर–झाझा शाखा में शंकरपुर और मथुरापुर के बीच लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 24/सी/ई के स्थान में लिमिटेड हाइट सबवे का निर्माण। (2) सीतारामपुर–झाझा शाखा में तुलसीटांड़ और लाहाबन के बीच लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 33 ए/ई के स्थान में लिमिटेड हाइट सबवे का निर्माण। (3) सीतारामपुर–झाझा शाखा में नरगंजो हाल्ट और झाझा के बीच लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 37 स्पेशल/ई के स्थान में लिमिटेड हाइट सबवे का निर्माण। **विज्ञापित मूल्यः** रु. 70,31,517.77, **बयाना राशिः** रु. 1,40,600/–, **कार्य की समापन अवधिः** एलओए जारी करने की तिथि से 180 दिन। **निविदा बंद होने की तिथि और समयः** 12.11.2024 को 12.00 बजे। **वेबसाइट का विवरणः** http://www.ireps.gov.in/ इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है। ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास–III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट जरूर रहे एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर निश्चित रूप से पंजीकृत हों। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई–निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं।
ASN-197/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम ने मांगा सुझाव, उद्यमियों ने बियाडा में बिजली व ड्रेन की समस्या पर दिलाया ध्यान

**भागलपुर**। बियाडा कार्यालय में शुक्रवार को उद्यमियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने की। डीएम ने सरकार की नीति की जानकारी उद्यमियों को दी। डीएम ने भागलपुर में उद्यम को बढ़ावा देने के लिए सुझाव भी मांगे। उद्यमियों ने बियाडा परिक्षेत्र में बिजली की समस्याओं के बारे में बताया। जिसपर डीएम ने जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक व बियाडा के उपमहाप्रबंधक को समस्या के निस्तारण का निर्देश दिया। बैठक में 2025-26 के लिए बिहार विद्युत रेगुलेटरी कमीशन की ओर से लिए गए निर्णयों पर चर्चा हुई। वर्ष 2025-26 में बिजली के रेट में बढ़ोतरी की जानी है। बिजली कंपनियों के निर्णय का विरोध अगले माह उद्यमी करेंगे। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सभी औद्योगिक संघ मिलकर बिजली रेट में होने वाली बढ़ोतरी के विरोध में बिहार राज्य विद्युत रेगुलेटरी कमीशन में विरोध पत्र दायर करेंगे। इसी के साथ बिहार सरकार से औद्योगिक इकाइयों को मिलने वाला अनुदान चालू रखने की मांग की जाएगी। बिहार गैस मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन के अध्यक्ष ओपी सिंह ने बताया कि बैठक में उद्यमियों ने सरकार की ओर से लाई गई टेक्सटाइल, लेदर पालिसी, टूरिज्म पालिसी व लॉजिस्टिक पालिसी की सराहना की। इसके साथ बियाडा परिसर में नाले की गलत डिजाइन ठीक कराने की मांग की।

### खुदकुशी से पहले सिपाही की पत्नी को आया था ब्लैकमेलर का कॉल

**भागलपुर**। सिपाही की पत्नी की खुदकुशी के मामले में नया खुलासा हुआ है। पता चला है कि खुदकुशी से कुछ घंटे पहले मृतका के मोबाइल पर ब्लैकमेलिंग का कॉल आया था। जिसके बाद ही उसने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी थी। वही, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट हो गया है कि फंदा लगाने से ही सिपाही की पत्नी की मौत हुई थी। बता दें कि बीते 9 अक्टूबर को पटना ट्रैफिक विभाग में कार्यरत सिपाही आनंद कुमार की पत्नी सोनी देवी ने खुदकुशी कर ली थी। उसका शव पंखे के सहारे फंदे से लटका मिला था। पति ने आरोप लगाया था कि किसी अनजान नंबर से पत्नी को लगातार ब्लैकमेल किया जा रहा था। ब्लैकमेलर पत्नी से रेप करने व बच्चों की हत्या की धमकी देता था। इससे तंग आकर महिला ने खुदकुशी कर ली थी। तिलकामांझी पुलिस मृतका के मोबाइल का सीडीआर डिटेल निकलवाई है। जिसमें कई संदिग्ध नंबर मिले है। जिस पर सोनी देवी के मोबाइल पर लगातार कॉल करने की बात सामने आई है। पुलिस उन सभी मोबाइल नंबर के बारे में छानबीन कर रही है। हालांकि दो संदिग्ध नंबर ऐसे है, जिससे एक माह के अंतराल में कई बार कॉल किया गया है। पुलिस को शक है कि इन्हीं दोनों नंबर में से किसी एक से महिला को ब्लैकमेल किया जाता था। पति ने भी बताया था कि पत्नी का किसी ने अश्लील वीडियो बना लिया था। इसी वीडियो को दिखाकर पत्नी को लगातार ब्लैकमेल किया जाता था।

### नेट क्वालीफाई कर बनीं असिस्टेंट प्रोफेसर, जश्न

**संग्रामपुर**। डुमरिया के बगल में स्थित रमपुरवा गांव की बेटी यूजीसी नेट क्वालीफाई कर असिस्टेंट प्रोफेसर बन गई।इससे परिवार सहित पूरे गांव में खुशी है।अजय दूबे और मनोरमा देवी की इकलौती बेटी कुमारी वंदना उर्फ जूही की यह सफलता छह वर्षों के परिश्रम का परिणाम है। जानकारी देती हुई वंदना ने बताया कि एमएस कॉलेज से उसने आईएससी और बीएससी की परीक्षा पास की है। इग्नू नई दिल्ली से एमएससी की परीक्षा पास कर इसके लिए तैयारी किया। उसके पास इस पद के लिए परीक्षा में शामिल हुई।

### योजना पदाधिकारी के खाते से जुड़ा मोबाइल नंबर बदल की 2.04 लाख रुपए की निकासी

**भागलपुर**। दरअसल, शातिर ने पदाधिकारी के बजाय खुद का मोबाइल नंबर संबंधित बैंक खाता से जोड़ लिया। इसके बाद अवैध तरीके से उनके खाता से आठ किस्त में कुल दो लाख चार हजार रुपए निकाल लिया। मोबाइल नंबर बदल जाने से पैसा निकलने का मैसेज भी योजना पदाधिकारी को नहीं मिला। मामले में कमिश्नर कार्यालय में तैनात योजना पदाधिकारी जनार्दन सिंह ने साइबर थाना में केस दर्ज कराया है। जनार्दन सिंह ने बताया कि बीते जुलाई माह में हीं मेरे खाता से पैसे निकाले गए थे। लेकिन उस समय मोबाइल पर मैसेज नहीं आने के कारण जानकारी नहीं मिली। मैंने जब बैंक स्टेटमेंट निकाला तो पैसे की निकासी की जानकारी हुई। मैंने बैंक से भी जानकारी लेना चाहा कि कैसे मेरे खाता से जुड़ा मोबाइल नंबर बदल दिया गया। बैंक की तरफ से कहा गया है कि मामले की जांच के बाद पता चल सकेगा। बता दें कि कमिश्नर कार्यालय में तैनात कर्मियों को पहले भी साइबर ठग ने निशाना बनाया है। साइबर थाना की पुलिस केस दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

### चार नबंवर को होगा गंगा उत्सव

**मुंगेर**। भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय की ओर से 4 नबंवर को जिले में गंगा घाटों पर गंगा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। गंगा समिति के परियोजना पदाधिकारी शालीग्राम प्रसाद ने बताया कि एकदिवसीय गंगा उत्सव कार्यक्रम के तहत भव्य गंगा आरती के अलावा दीप उत्सव, दीप दान और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा स्कूली बच्चों के बीच क्विज भी कराया जाएगा। इसके अलावा गंगा प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। साथ ही गंगा उत्सव कार्यक्रम के दौरान घाट पर हाट, खेलकूद गतिविधि, डांस एंड ड्रामा, म्यूजिकल शो का आयोजन कराया जाएगा। वहीं गंगा स्वच्छता शपथ भी दिलायी जाएगी। एन एमसीजी कंसलटेंट दिव्या जोशी ने बताया कि गंगा उत्सव कार्यक्रम के लिए बजट का प्रावधान किया गया है।

### भटवलिया नरुलाहा की सीमा के हत्या मामले का हुआ खुलासा, तीन को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**संग्रामपुर**। थाना क्षेत्र के भटवलिया पंचायत के नरुलाहा गांव में सीमा हत्याकांड में तीन अभियुक्तों की गिरफ्तारी पुलिस ने की है। एक अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। यह घटना तीन अक्टूबर की देर रात हुई थी। जिसमें अपराधियों ने आंगनबाड़ी सहायिका सीमा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसको लेकर एसपी स्वर्ण प्रभात ने एसआईटी टीम का गठन किया था। जिसमे तकनीकी साक्ष्य के आधार पर एसआईटी टीम ने तीन अपराधियों की गिरफ्तारी की है। इस घटना के अनुसंधान का नेतृव कर रहे एसडीपीओ रंजन कुमार,थानाध्यक्ष धीरज कुमार सिंह और उनकी टीम ने घटना के पंद्रहवें दिन इसका खुलासा कर लिया। एसडीपीओ रंजन कुमार ने बताया कि गुरुवार को इस मामले में थाना क्षेत्र के उसी गांव के जितेंद्र कुमार उर्फ जोखुलाल, केसरिया थाना क्षेत्र के मुस्लिम आलम तथा कल्याणपुर थानाक्षेत्र के विकास कुमार को गिरफ्तार किया गया है। एक अन्य अभियुक्त भी जल्द ही पकड़ में होगा। सीमा की हत्या के लिए विकास ने एक टीम बनाई थी। जिसमे लाइनर की भूमिका सीमा के गांव के ही जितेंद्र उर्फ जोखुलाल ने निभाई। पुलिस इस मामले में एक अन्य अभियुक्त की पहचान गुप्त रखे हुए है। मिली जानकारी के अनुसार सीमा अपने मायके नरुलाहा में ही आंगनबाड़ी सेविका थी। उसने विकास से अपने ससुराल की छह कट्ठा बारह धुर जमीन 27 लाख रुपये में बेंची थी। जिसमे विकास ने उसमे से मात्र दो लाख रुपया ही सीमा को दिया। वह दो लाख रुपया भी गांव का ही जितेंद्र उर्फ जोखुलाल कर्ज के रूप में ले लिया। सीमा विकास पर बाकी रुपयों के लिए लगातार दबाव बनाए हुए थी। रुपए नहीं देना पड़े इसके लिए विकास ने केसरिया थानाक्षेत्र के मुस्लिम आलम और एक अन्य से सीमा की हत्या करवा दी।

### पैक्स चुनाव को प्रशिक्षण आज से

**मुंगेर**। पैक्स चुनाव के नोडल पदाधिकारी-सह-उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह ने बताया कि पैक्स चुनाव को लेकर पदाधिकारियों व दंडाधिकारियों को दो दिवसीय प्रशिक्षण शनिवार से संग्रहालय सभागार में दिया जाएगा। प्रशिक्षण में दो कमिश्नरी भागलपुर व मुंगेर के कुल 8 जिलों के डीडीसी, एसडीएम, बीडीओ, डीसीओ, उप निर्वाचन पदाधिकारी आदि भाग लेंगे। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में भागलपुर व मुंगेर कमिश्नरी के जिन जिलों के पदाधिकारी हिस्सा लेंगे, उनमें खगड़िया, बेगूसराय, जमुई, लखीसराय, शेखपुरा, मुंगेर, भागलपुर व बांका शामिल हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह करेंगे।

# 25 हजार का इनामी कुख्यात गिरफ्तार पुलिस टीम पर किया था हमला

निज संवाददाता। भागलपुर



◆ एसआईटी ने हथियार और कारतूस के साथ पकड़ा

भागलपुर के पुलिस जिला नवगछिया के नदी थाना क्षेत्र के निवासी सीटू यादव हत्याकांड मामले के कुख्यात 25 हजार के इनामी को नौगछिया पुलिस ने अवैध हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी शुक्रवार देर रात नवगछिया एसपी पूरण झा ने पीसी कर दी। बताया कि नौगछिया पुलिस ने टॉप टेन में फरार और 25 हजार के इनामी कुख्यात अपराधी पप्पू यादव को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है । 29 नवंबर 2023 को नदी थाना अंतर्गत बड़ी खाल दियारा स्थित शबनम यादव के बासा के पास कुख्यात अपराधी शबनम यादव गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ आया था। लूटपाट एवं बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की साजिश थी। कुल 8 अपराधियों में से दो को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया था। आठ के विरुद्ध कांड दर्ज किया गया था। अनुसंधान में संलिप्त 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था और कांड में फरार चल रहे अन्य 2 अभियुक्त पप्पू यादव सहित अन्य के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही थी। फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए गठित एसआईटी और नदी थाना अध्यक्ष संतोष कुमार ने शुक्रवार को पप्पू यादव को दो अवैध हथियार और आठ कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

**कुख्यात पप्पू यादव का आपराधिक इतिहासः** एसपी ने कहा कि पप्पू यादव का आपराधिक इतिहास रहा है। पूछताछ के दौरान पप्पू यादव ने अपना अपराध स्वीकार किया है। 6 अप्रैल 2020 को नदी थाना क्षेत्र के ढोढी या में दो पक्षों के बीच आपसी वर्चस्व को लेकर फायरिंग की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस टीम पर जानलेवा हमला पप्पू यादव ने किया था। इसको लेकर नदी थाना में मामला भी दर्ज है।

**13 अगस्त 2024 को डोडिया निवासी सिंटू यादव की गोली मारकर हत्या की थी**।: 7 जनवरी 2024 को नदी थाना क्षेत्र के बड़ी खाल दियारा स्थित शबनम यादव के बासा के पास अपराधी शबनम यादव और गिरोह के अन्य सदस्यों ने लूटपाट और बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की साजिश रची थी। हथियार का भय दिखाकर रंगदारी की मांग और फसल लूट लेने की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम पर जानलेवा हमला और फायरिंग की गई थी। इस मामले में भी वह फरार चल रहा था। 9 मई 2020 को पप्पू यादव ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर कोसी नदी रिंग बांध के पास अपने खेत में मकई काट रहे किसान के साथ मारपीट और गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया था। एसपी ने बताया कि पप्पू यादव के पास से एक देशी राइफल, एक देसी कट्टा, आठ जिंदा कारतूस और एक मोबाइल बरामद किया गया है।

# केस नहीं उठाने पर कुल्हाड़ी से किया वार, युवक गंभीर



निज संवाददाता। मुंगेर

धरहरा थाना क्षेत्र के माताडीह गांव में केस नहीं उठाने पर पड़ोसी ने 30 वर्षीय प्रेम कुमार रंजीत के साथ जमकर मारपीट की। कुल्हाड़ी के अलावा लोहे के रड और लाठी से गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों द्वारा गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज कराया जा रहा है। घटना के बाद सभी आरोपी फरार है। घायल रंजीत ने बताया कि मेरी चचेरी बहन की तरह-तरह की तस्वीर को पड़ोसी अनुराग कुमार के सोशल मीडिया पर अपलोड किया था। जिसका विरोध करने पर पूर्व में 22 जुलाई को मारपीट की थी। जिसे लेकर हमलोगों ने सायबर थाना में केस किया है। इसके अलावा धरहरा थाना में मारपीट करने का केस दर्ज किया गया है। बावजूद अब तक अपराधियों की गिरफ्तारी पुलिस नहीं कर पाई है। जिस कारण आए दिन वह केस नहीं उठाने पर हत्या करने की धमकी देता था। रंजीत ने बताया कि वह गुरूवार की रात अपने घर के समीप खाना खाकर टहल रहा था। तभी दुर्गा प्रसाद साह, मुकेश साह, राजीव कुमार, अंकित कुमार, अनुराग कुमार, सुलोचना देवी सहित अन्य लोगों के द्वारा हथियार एवं कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया गया। इस दौरान आरोपी के द्वारा दहशत फैलाने के लिए 3 राउंड गोली चलाया गया जो सीसीटीवी कैमरा में कैद हुआ है। घायल से कोतवाली पुलिस ने बयान लिया। इधर देर शाम घायल को पटना रेफर कर दिया गया।

# परियोजना के पूरा होने पर जमुई से मुंगेर का होगा सीधा सम्पर्क

निज संवाददाता। बरियारपुर



एक दशक से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी बरियारपुर वासियों का बरियारपुर-मननपुर रेल लाइन निर्माण का सपना पूरा नहीं हो पाया है। हर बार रेल बजट के दौरान प्रखंड वासियों में प्रस्तावित बरियारपुर-मननपुर रेल लाइन निर्माण की उम्मीद जगती है। लेकिन सारी उम्मीद टूट जाती है। हर बजट में बरियारपुर मननपुर रेल लाइन का निर्माण को नजर अंदाज कर दिया जाता है। वर्ष 2007 में यूपीए के शासनकाल में तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद ने बरियारपुर रेलवे स्टेशन से बरियारपुर-मननपुर रेल लाइन निर्माण का शिलान्यास किया था। शिलान्यास के वक्त लोगों में यह खुशी की लहर दौड़ गई थी कि अब बरियारपुर, हवेली खड़गपुर के साथ जमुई जिला के लाखों की आबादी का रेल सफर का सपना साकार होगा। लेकिन बरसों बीत जाने के बाद भी रेल लाइन निर्माण कार्य आरंभ तक नहीं हो सका। यूपीए दो में रेल मंत्री की कमान ममता बनर्जी ने संभाली। इसके साथ ही इस परियोजना को लेकर उदासीनता बरती जाने लगी। वर्ष 2012 में रेलवे लाइन के सर्वेक्षण हेतु राशि का आवंटन भी बजट में किया गया था। जिसके बाद रेल लाइन का सर्वेक्षण कार्य किया गया। सर्वेक्षण कार्य के बाद इस रेल परियोजना को पूरा करने की दिशा में अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया। वर्ष 2017 में बांका के सांसद जयप्रकाश नारायण यादव द्वारा यह मुद्दा संसद में भी उठाया गया। जिसे तत्कालीन रेल मंत्री द्वारा रेल लाइन बनाने के बारे में सकारात्मक जवाब दिया। बावजूद अब तक रेल लाइन को लेकर भू-अर्जन का काम भी प्रारंभ नहीं हो पाया है।

# ड्रेन का काम नहीं होने से लोगों की बढ़ी परेशानी जगह की कमी से एक साथ 6 गार्डर बनेंगे

निज संवाददाता। भागलपुर



ऐसे में काम पूरा होने में लग सकते हैं 22 महीने

भोलानाथ फ्लाईओवर के लिए लोगों को अभी 2026 तक का इंतजार करना पड़ सकता है। ऐसा इसलिए कि गार्डर का काम ही पूरा होने में करीब 22 माह लगेंगे। ऊपर से रेलवे की मंजूरी भी अबतक नहीं मिल पाई है। रेलवे के हिस्से में 6 स्टील स्पैन डाले जाने हैं। एजेंसी ने बौंसी पुल के पास गार्डर बनाने का काम शुरू किया है। इसका बेस तैयार किया जा रहा है। जो काम एजेंसी के यार्ड में होना चाहिए था, वह निर्माण स्थल पर ही करने का निर्णय लिया गया है। जून 2025 तक फ्लाईओवर का काम पूरा होना है। जिस पिलर का निर्माण पूरा कर लिया जाना था, उसमें अभी दो माह और लगेंगे। ड्रेन तैयार नहीं होने से सीवर का पानी सड़कों पर जमा होने लगा था। जो अब मुसीबत बन रही है। गार्डर बनाने की शुरुआत बौंसी रेलपुल के पास पिलर संख्या 7 व 6 से की गई है। जगह की कमी के कारण क्रेन से स्पैन को पिलर के बीच ढाला नहीं जा सकता। फ्लाईओवर के लिए 136 गर्डर का काम होना है। जगह की कमी होने से अब एक साथ 6 गार्डर का काम कराने की बात अभियंता व कर्मचारियों की ओर से की जा रही है। 136 गार्डर के लिए 22 माह का समय लगेगा। इस हिसाब से अगस्त-सितंबर 2026 तक गर्डर का काम पूरा होने की संभावना है। 9 नंबर पिलर की पाइल कैप का काम चल रहा है। सात पिलरों में पाइलिंग से लेकर हैमरहेड का काम पूरा कर लिया गया है। 14 पिलर पर पाइल कैप व पिलर को बना दिया गया है। शीतला स्थान चौक से बौंसी रेलपुल तक पिलर-1 से सात का काम पूरा हो गया है। अभियंताओं ने बताया कि अगर जगह होती तो यार्ड में स्पैन ढालकर तेजी से पिलर पर काम कराया जाता। पिलर संख्या-6 व 7 के बीच भोलानाथ फ्लाईओवर के लिए शुरू हुआ गार्डर बनाने का काम। 15 पिलर पर चढ़ाया जाना है हैमरहेड एजेंसी ने जहां एक तरफ गार्डर के काम की शुरूआत की है वहीं दूसरी ओर पिलर-15 से 29 तक हैमरहेड का काम बाकी है। पिलर 30 की पाइलिंग कैप का काम पूरा हो चुका है। पिलर 31 से 39 तक पाइलिंग ही पूरी हो पाई है। इन पिलर पर अभी पाइल कैप सहित पिलर व हैमरहेड का काम करना बाकी है। अभियंताओं का कहना है कि अगले दो माह में ये काम पूरे कर लिए जाएंगे। वहीं दोनों रेल पुल के बीच पिलर 8 और 15 के बीच रेलवे से मंजूरी नहीं मिल सकी है। इसकी वजह से यहां काम रूका हुआ है।

# युवक का अपहरण कर फिरौती मांगने के 3 और दोषियों को आजीवन कारावास की सजा

निज संवाददाता। भागलपुर



7 साल पहले गणतंत्र दिवस परेड देखने तहबलपुर से सैंडिस कंपाउंड आए युवक विक्रम कुमार उर्फ विक्की के अपहरण और उसके पिता से फिरौती मांगने के मामले में तीन दोषियों को सजा सुनाई गई है। एडीजे 13 के कोर्ट ने देवानन्द सिंह उर्फ डाबो मंडल, टोनी शर्मा और खगेश कुमार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सभी पर 10-10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया। जुर्माना नहीं देने पर छह माह की अतिरिक्त सजा होगी। केस में दोषी गौरव कुमार को कोर्ट ने 8 अक्टूबर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। मास्टर माइंड मंटा मंडल अब भी फरार है। सुनवाई में सरकार की ओर से एपीपी जय प्रकाश यादव व्यास और सूचक के अधिवक्ता दिलीप कुमार विश्वकर्मा शामिल हुए। 26 जनवरी 2017 को विक्रम कुमार सैंडिस कंपाउंड आ रहा था। तहबलपुर के ही मंटा मंडल ने उसे देखा तो साथ में चलने को कहा। मंटा के साथ खगेश भी था। विक्रम मंटा को जानता था इसलिए उसकी बाइक पर बैठ गया। खगेश भी उसी बाइक पर था। तीनों सैंडिस कंपाउंड पहुंचे फिर विक्रम को चाय पिलाने के लिए तिलकामांझी ले गया। वहां से उसे नवगछिया में अपनी बहन के लिए यह कहकर ले गया कि परेड शुरू होने पर आएंगे। नवगछिया में कुछ और लड़के आ गए और विक्रम को गौरव के घर में बंद कर उसके मोबाइल से पिता जयकिशोर मंडल को फोन कर 5 लाख फिरौती मांगी। पिता ने लोदीपुर थाने में शिकायत की। उधर अगले दिन विक्रम भाग गया।

# 50 करोड़ से लगेगा सिल्क उद्योग, 100km में फोरलेन किनारे रेशम कीट के लिए लगेंगे पौधे

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में सिल्क उद्योग लगाने और उसके विकास की दिशा में पहल तेज कर दी गई है। जिला प्रशासन 50 करोड़ का प्रोजेक्ट तैयार कर रहा है। इसमें सिल्क के कपड़े तैयार करने के लिए कच्चे सामान से लेकर उसे बनाने तक की योजना बनाई जा रही है। इसमें मुंगेर से मिर्जाचौकी फोरलेन सड़क के किनारे भागलपुर जिले के तहत करीब 100 किलोमीटर में रेशम कीट के उत्पादन के लिए शहतूत के पौधे लगाए जाएंगे। उस पर रेशम कीट का उत्पादन होगा और वहां से तैयार कोकून को निकाल कर सिल्क बैंक में रखा जाएगा। इसके साथ ही कोकून से धागे निकाल कर उससे सिल्क के कपड़े तैयार किए जाएंगे। इसके लिए प्रोजेक्ट लगभग बन गया है। सप्ताहभर के अंदर उसे उद्योग विभाग को भेज दिया जाएगा। फिर स्वीकृति मिलने पर काम शुरू होगा। जानकारी के मुताबिक, सिल्क उद्योग के विकास के लिए मुख्य रूप से तीन कामों पर फोकस किया गया है। पहला, बियाडा की डेढ़ एकड़ जमीन पर सिल्क बैंक बनेगा। वहां मिशनरी से लेकर सारे कच्चे सामान रहेंगे। धागा भी तैयार किया जाएगा और उसे शहर के बुनकर और सिल्क कारबारी को कम लागत पर उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही फोरलेन सड़क के किनारे 100 किमी में रेशम कीट उत्पादन के लिए पौधारोपण किया जाएगा। अभी कोकून बाहर से लाकर यहां उसका धागा और कपड़े तैयार किए जाते हैं। जब रेशम कीट का उत्पादन होगा तो कोकून और रेशम का धागा बाहर से लाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके अलावा करीब 50 हैंडलूम को पावरलूम में बदला जाएगा। इसके लिए प्रोजेक्ट तैयार किए जा रहे हैं। सप्ताहभर के अंदर विभाग को भेजा जाएगा।

**इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में एजुकेशन इंडस्ट्री को मिलेगा बढ़ावा, जमीन की गई चिह्नितः** मुंगेर-मिर्जाचौकी फोरलेन सड़क के पास सुल्तानगंज के अकबरनगर से शाहकुंड के बीच इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का विकास होगा। इसके लिए करीब 800 एकड़ जमीन चिह्नित कर उद्योग विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है। इसमें ज्यादा फोकस एजुकेशन इंडस्ट्री को दिया गया है। इसके अलावा बाकी इंडस्ट्रीज भी लगाने की भेजना है। जिला प्रशासन की ओर से भेजे गए प्रस्ताव को अब केवल उद्योग विभाग की स्वीकृति का इंतजार है। स्वीकृति मिलने के साथ ही इस दिशा में पहल तेज कर दी जाएगी।

# 50 से ज्यादा साइबर ठगों की तलाश कर रही पुलिस

निज संवाददाता। भागलपुर



साइबर अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए अब भागलपुर पुलिस को भी हथियार मिल गया है। देश के अलग-अलग राज्यों में साइबर ठगी को अंजाम देने वाले अपराधियों में से करीब 50 ठग भागलपुर से हैं। ये ऐसे अपराधी हैं, जो बिहार-झारखंड समेत अन्य राज्यों के लोगों से साइबर ठगी कर रहे हैं। ऐसे ठगों का मोबाइल जिले के अलग-अलग हिस्सों में एक्टिव है। ऐसे ठगों के बारे में पता लगाया जा सके, इसके लिए झारखंड पुलिस ने भागलपुर पुलिस को प्रतिबिंब ऐप का राइट्स दिया है। इस ऐप के जरिए भागलपुर पुलिस आसानी से पता लगा पाएगी कि भागलपुर में कौन-कौन से अपराधी, कहां-कहां बैठकर साइबर ठगी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। साइबर थाना के इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अकील अहमद के नेतृत्व में टीम इन ठगों को ट्रैक कर रही है। साइबर क्राइम के कुछ मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई भी की है। हालांकि किसी आरोपी को अब तक गिरफ्तार नहीं कर सकी है। पुलिस जिले में एक्टिव अन्य शातिर साइबर ठगों की कुंडली खंगाल रही है।

# परबत्ती की बुढ़िया काली के दर्शन को कई राज्यों से आते हैं भक्त, मन्नत होती है पूरी

निज संवाददाता। भागलपुर

पूर्व बिहार में दशकों से एक कहावत चली आ रही है, अगर भागलपुर का काली प्रतिमा विसर्जन नहीं देखा तो क्या देखा? यहां लगभग 100 काली प्रतिमा स्थापित होती है। लेकिन सभी में खास परबत्ती की बुढ़िया काली रहती है। यह हर साल विसर्जन के लिए आगे रहती है। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही थी। भागलपुर शहर में पश्चिम परबत्ती बुढ़िया मां काली का मंदिर है, जहां आस्था और विश्वास की त्रिवेणी बहती है। ऐसे यहां प्रत्येक दिन दूर-दराज से दर्जनों श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने पहुंचते हैं। मंगलवार और शनिवार को भक्तों की भीड़ रहती है। लेकिन काली पूजा में यहां कई राज्यों के श्रद्धालु मां बुढ़िया काली का दर्शन करने आते हैं। कहा जाता है कि यहां श्रद्धा से मांगने वाली हर मन्नते मां पूरी करती है। परबत्ती काली पूजा समिति की ओर से इस बार 18 फीट की प्रतिमा का निर्माण कराया जाएगा। परबत्ती चौक से लेकर प्रतिमा स्थल तक पंडाल का निर्माण होगा। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। परबत्ती बुढ़िया काली मंदिर के पूजारी कालीचरण ने बताया कि यहां पुश्तैनी मूर्तिकार ही प्रतिमा का निर्माण करते हैं। इस साल भी नरगा के पुश्तैनी मूर्तिकार पारो के द्वारा प्रतिमा का निर्माण होगा। लगभग पांच दिनों के बाद मूर्ति बनाने का काम शुरू होगा। उन्होंने बताया कि प्रतिमा 18 फीट



ऊंची होगी। लगभग इस साल काली पूजा पर छह लाख रुपए खर्च होने के अनुमान है। चार से पांच दिनों में कमेटी का गठन होगा। इसके बाद ही काली पूजा की तैयारी शुरू हो जाएगी।

**पुश्तैनी कलाकार हर साल प्रतिमा का करते हैं निर्माणः** इलाके के हर संकट को हर लेती है मां बुढ़िया काली पूजारी कालीचरण, मेढ़पति राम विलास, पूर्व सचिव राजा मंडल ने बताया कि परबत्ती की बुढ़िया काली को लेकर मान्यता है कि यहां मुराद पूरी होती है। यहां प्रतिमा खुले छत के नीचे विराजती हैं। विसर्जन शोभायात्रा में शहर के चारों क्षेत्र की प्रतिमा की अगुआई करती हैं। मंदिर परिसर में बरगद के पेड़ की खास महत्व है। पूजारी का कहना है कि इलाके में आने वाली हर संकट को मां अपने समां लेती है। वर्षों पहले एक बार इलाके में ठनका गिरा था, लेकिन मां ने अपने में समां लिया। ठनका गिरने के बाद काफी दिनों तक पेड़ से दूध बहता रहता।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### लक्ष्मी पूजा को लेकर कमिटी गठित

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** आदर्श युवा क्लब, आदर्शनगर, हसपुरा द्वारा लक्ष्मी पूजा की तैयारी को लेकर शनिवार को हसपुरा के छोटी फिल्ड में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नरेश प्रसाद ने की। बैठक में सर्वसम्मति से धर्मेंद्र कुमार लाला को अध्यक्ष, योगेन्द्र कुमार को उपाध्यक्ष, विपिन पटेल को सचिव सुखदेव कुमार को उप सचिव, विकास कुमार को कोषाध्यक्ष, राहुल रजक को उप कोषाध्यक्ष एवं दीपक कुमार व कृष्णा प्रसाद कोपू जा मंत्री बनाया गया। वहीं रामएकबाल सिंह(शिक्षक) एवं सुरेश सिंह को संयोजक बनाया गया है। अध्यक्ष ने बताया कि लगभग 30 वर्षों से लगातार लक्ष्मी पूजा करते आ रहें हैं। इस साल 2 नवम्बर की शाम में भव्य भंडारा का आयोजन किया गया है। साथ हीं रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा।

### सेवानिवृत प्रधानाध्यापिका का निधन, शोक की लहर

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह प्रखंड के अमारी गांव की पहली महिला शिक्षिका और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सह मध्य विद्यालय प्रखंड कॉलोनी गोह से सेवानिवृत प्रधानाध्यापिका लीलावती देवी का शनिवार की सुबह उनके पैतृक गांव में निधन हो गया।वे लगभग 80 वर्ष की थी। निधन की खबर मिलते ही प्रखंड मे शोक कि लहर व्याप्त हैं। लीलावती देवी ने अपने कार्यकाल में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया और समाज में शिक्षा की महत्ता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके निधन से शिक्षा जगत और समाज में एक बड़ा शून्य उत्पन्न हुआ है। उनकी आत्मा को शांति मिले और उनके परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्राप्त हो। उनके निधन के बाद शव यात्रा में सैकड़ों लोग शामिल हुए, जिन्होंने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।उपस्थित लोगो ने कहा कि उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जाएगा।

### डेंटल क्लिनिक ने गोह में लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह प्रखंड के डड़वां हाई स्कूल में एक डेंटल क्लिनिक द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित कर छात्र-छात्राओं को दांत संबंधी परेशानियों पर सलाह दी गई। डॉक्टर ओमप्रकाश मिश्रा ने बताया कि दांतों की सफाई ठीक से न होना दांतों की परेशानियों का मुख्य कारण है। उन्होंने दांतों की सुरक्षा के लिए नियमित ब्रश करने, प्रत्येक खाने के बाद कुल्ला करने और साल में एक बार चिकित्सक से परामर्श लेने की सलाह दी। शिविर मे दर्जनों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और दांत संबंधी परेशानियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। डेंटल क्लिनिक गोह की यह पहल बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण है।

### तीन बच्चों की मां हुई प्रेमी संग फरार

**रफीगंज(औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की तीन बच्चों की मां अपने प्रेमी संग फरार हो गई। महिला के पति जितेंद्र यादव ने बताया कि उनकी पत्नी शोभा देवी अपने तीन संतान को घर पर छोड़कर फरार हो गई।काफी खोजबीन के बाद पता चला कि वह गया जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र के मुसैला गांव निवासी उगन साव के पुत्र रामजी कुमार के साथ फरार हुई है। वह उनकी पत्नी को बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया है।

# देव कार्तिक छठ मेला की तैयारी को ले डीएम-एसपी ने किया विभिन्न स्थानों का निरीक्षण

**निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)**



शनिवार को जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री और पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने कार्तिक छठ मेला की तैयारी को लेकर देव मेला क्षेत्र का व्यापक स्थलीय निरीक्षण किया। यह मेला हर साल श्रद्धालुओं के लिए एक विशेष अवसर होता है, और इसे सफल बनाने के लिए अधिकारियों ने सक्रियता से कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। निरीक्षण के दौरान, जिलाधिकारी ने विशेष ध्यान दिया कि देव मोड़ से लेकर हरिकीर्तन बिगहा तक वाहनों की पार्किंग के लिए उपयुक्त स्थानों का चयन किया जाए। उन्होंने देव नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिए कि पार्किंग स्थलों का समतलीकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए सभी चिन्हित आवासन स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पेयजल और शौचालय की व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि हर स्थान पर स्वच्छता और सुविधा की उच्चतम मानक बनाए रखें जाएं।

इसके अतिरिक्त, देव सूर्यकुंड और रूद्र कुंड का निरीक्षण करते हुए, जिलाधिकारी ने इन कुंडों की साफ-सफाई और पेंटिंग के कार्य को भी तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया। इन पवित्र स्थलों की सुंदरता और स्वच्छता श्रद्धालुओं के अनुभव को बेहतर बनाएगी। जिलाधिकारी ने देव प्रखंड के विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी को भी निर्देशित किया कि देव प्रखंड परिसर में स्थित सभी क्वार्टर्स की मरम्मत और साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इससे बाहर से आने वाले अधिकारियों के ठहरने की सुविधा बेहतर हो सकेगी, जो मेले की व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस निरीक्षण में शामिल हुए अधिकारियों की संख्या भी काफी बड़ी थी। अपर समाहर्त्ता ललित भूषण रंजन, उप विकास आयुक्त अभयेंद्र मोहन सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी संतान कुमार सिंह, डीएलओ सच्चिदानंद सुमन, देव नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी, सभी विभागों के कार्यपालक अभियंता, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और अन्य अधिकारियों ने इस निरीक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाई। यह व्यापक तैयारी इस बात का संकेत है कि प्रशासन ने कार्तिक छठ मेला को एक सफल और सुरक्षित आयोजन बनाने के लिए दृढ़ संकल्प किया है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि इस बार का मेला श्रद्धालुओं के लिए एक यादगार और सुखद अनुभव बने, जिसमें सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता का पूरा ध्यान रखा जाए।

# देसी कट्टा-दो बाइक के साथ दो अपराधी गिरफ्तार, एक मोबाइल जब्त

**निज संवाददाता | मदनपुर (औरंगाबाद)**



मदनपुर थाना क्षेत्र में एसपी के निर्देशन पर एक विशेष अभियान के तहत छापेमारी की गई। जिसमें एक देसी कट्टा, दो चोरी की बाइक और एक मोबाइल बरामद किया गया है। इस मामले में एक किशोर निरुद्ध किया गया है। दो युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। ये जानकारी शनिवार की दोपहर करीब 2 बजे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2 अमीत कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि एसपी अंबरीश राहुल के निर्देशन पर समकालीन सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसको लेकर छापेमारी दल का गठन मदनपुर थाना अध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में किया गया है। शुक्रवार को वाहन चेकिंग के दौरान एक बाइक पर चार लोग सवार मदनपुर की ओर आ रहे थे। पुलिस को देख बाइक पीछे घुमा कर भागने लगे। संदेह के आधार पर पुलिस जवानों के सहयोग से खदेड़ कर एक युवक को धर दबोचा गया। पकड़े गए व्यक्ति के पास से चोरी का एक बाइक बरामद किया गया। वाहन चेकिंग अभियान के तहत ही एक लावारिस रूप में चोरी कांड का एक बाइक बरामद किया गया है।

बाइक के साथ पकड़े गए व्यक्ति के पास मोबाइल जांच में एक युवक की फोटो अवैध देसी कट्टा लिए देखा गया। उसके निशान देही पर तस्वीर में दिखे रहे देसी कट्टा को कासमा थाना क्षेत्र से बरामद किया गया। पकड़े गए में युवक में मदनपुर थाना क्षेत्र के कठवर टोले बंगला पर निवासी कुलदीप चौधरी के 19 वर्षीय बेटा अक्षय कुमार, मदनपुर थाना क्षेत्र के मनिका निवासी कुलेन्द्र रिकियासन के 20 वर्षीय बेटा गुड्डु कुमार और एक निरुद्ध शामिल हैं। छापेमारी टीम में कासमा थाना अध्यक्ष इमरान आलम, मदनपुर थाना अध्यक्ष राजेश कुमार, एसआई पप्पू कुमार, सुरेन्द्र कुमार और रोहित कुमार, अजय पासवान सहित मदनपुर कासमा थाना के पुलिस बल शामिल थे।

# ऑटो ने महिला को रौंदा, मौत



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

नगर थाना क्षेत्र के कामा बीघा मोड़ के समीप शुक्रवार को अज्ञात अनियंत्रित ऑटो ने एक महिला को टक्कर मार दी। इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका मदनपुर थाना क्षेत्र के काजीचक (पहरपुरा) शिव कुमार दास की 60 वर्षीय पत्नी शिव कुमारी देवी है। सदर अस्पताल में रात करीब 10:00 बजे के आसपास परिजनों ने कहा कि शुक्रवार की सुबह घर से अपने मायका (औरंगाबाद शहर के कामा बीघा) जाने के लिए निकली, लेकिन शाम तक नहीं पहुंची। हम लोगों ने खोजबीन शुरू की। इसी बीच जानकारी मिली कि सदर अस्पताल में भर्ती है। वहां पहुंचने पर जानकारी मिली कि मौत हो गई है। घायल महिला सड़क पर गिरी हुई थी। डायल-112 की पुलिस ने इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। सदर अस्पताल में डॉक्टर रवि भूषण शर्मा मे मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल पर स्थानीय लोगों ने डायल-112 को सूचना दी थी। पुलिस ने इलाज के लिए भर्ती करवाया। जिसके बाद उसकी मौत हो गई। कुछ घंटे तक अज्ञात के रूप में उसका शव पड़ा रहा। मृतका के पास एक झोले में कुछ कपड़े और अन्य सामग्री थे। घटना की जानकारी मिलने पर उनके परिजन रात में पहुंचे और पहचान की।

# किशोर स्वास्थ्य व आरोग्य दिवस पर विद्यार्थियों के बीच वाद-विवाद का प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**निज संवाददाता | मदनपुर(औरंगाबाद)**



आयुष्मान भारत के तहत विद्यालय स्वास्थ्य कार्यक्रम के क्रियान्वयन को लेकर मदनपुर प्रखंड के सलैया स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक राजकुमार प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में किशोर स्वास्थ्य एवं आरोग्य दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय एवं समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता लाने हेतु किया गया। विभागीय निर्देश के तहत यह कार्यक्रम मध्य, माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा छः से बारहवीं तक के बच्चों के लिए आयोजित किया जाना है। विद्यालय स्तर पर इसका आयोजन जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया। आयोजन में विद्यालय के किशोर-किशोरियों के साथ उनके माता पिता एवं समुदाय के अन्य विशिष्ट तथा सम्मानित व्यक्तियों को भी आमंत्रित गया था। कार्यक्रम के दौरान युवाओं से संबंधित विषयों जैसे लिंग भेद, लैंगिक समानता, स्वास्थ्य जीवन शैली, मानसिक स्वास्थ्य, घरेलू हिंसा आदि विषयों पर गतिविधियां तथा परिचर्चा की गई। साथ ही फोकल शिक्षक स्नेहलता सिन्हा एवं प्रतिभा कुमारी के द्वारा इन विषयों पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त बच्चियों अनन्या कुमारी, अंशु कुमारी तथा प्राची कुमारी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सुरक्षित शनिवार के तहत अक्टूबर माह के विषय वायु प्रदूषण एवं पटाखों के जलने से होने वाले प्रदूषण पर छात्र छात्राओं को बताया गया। प्रधानाध्यापक सह फोकल शिक्षक राजकुमार प्रसाद गुप्ता ने उपस्थित छात्र छात्राओं को आतिशबाजी के दौरान की जाने वाली सुरक्षा के प्रबंध, आतिशबाजी के दुष्प्रभाव, आतिशबाजी को सुरक्षित रखने के उपाय, पटाखे जलाते समय क्या करें क्या नहीं करें, आतिशबाजी से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव आदि के बारे में विस्तार से बताया।

# बिजली चोरी के आरोप में 9 पर प्राथमिकी, लगा जुर्माना

**निज संवाददाता | मदनपुर(औरंगाबाद)**

मदनपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में विद्युत विभाग की टीम द्वारा बिजली चोरी के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया।अभियान के तहत बिजली चोरी करने मामले में नौ लोगों के विरुद्ध थाना में एफआईआर दर्ज कराया गया है। छापेमारी दल का नेतृत्व कर रहे देव के सहायक विद्युत अभियंता शिवरतन लाल और कनीय विद्युत अभियंता राकेश कुमार राम ने बताया कि बेलवां में छापेमारी के दौरान कुलेन्द्र यादव द्वारा बिना कनेक्शन लिए चोरी कर कृषि कार्य में मोटर चलाते पकड़े जाने पर 43708 रुपए, जुडाही में सुनिल कुमार द्वारा मीटर बाईपास कर बिजली चोरी कर उपयोग करने पर 13244 रुपए, इसी गांव के रघुशरण साव ने मीटर बाईपास कर बिजली चोरी करतें पकड़े जाने पर 10 173 रुपए जुर्माना लगाया गया है। जुडाही निवासी बनवारी राम द्वारा मीटर बिना कनेक्शन लिए बिजली उपयोग करने पर 9479 रुपए, श्यामदेव राम बिना कनेक्शन लिए बिजली उपयोग करने पर 9479 रुपए तथा फुलेन्द्र दास बिना कनेक्शन के बिजली उर्जा चोरी करते पकड़े जाने पर 15022 रुपए जुर्माना लगाया गया है। जुडाही में ही मनोज राम बिना कनेक्शन लिए बिजली उपयोग करने पर 6990 रुपए, हरिमोहन प्रसाद गुप्ता द्वारा मीटर बाईपास कर बिजली उपयोग करने पर 12400 रुपए और जुडाही निवासी कृष्णा साव बिना कनेक्शन लिए बिजली चोरी कर उपयोग करने पर 9479 रुपए जुर्माना लगाया गया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि बिजली चोरी का मामला दर्ज किया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# हवा भरने के दौरान जेसीबी का चक्का ब्लास्ट, दो जख्मी

**निज संवाददात | देव (औरंगाबाद)**



देव प्रखंड में जेसीबी के चक्का में हवा भरने के क्रम में चक्का ब्लास्ट हो गया। इस कारण दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना अंबा और देव पथ के दरगाही बीघा गांव के समीप की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जेसीबी का पिछला टायर पंचर हो जाने के कारण यह लोग उसे बना रहे थे। इसी बीच हवा अधिक भरे जाने के कारण चक्का ब्लास्ट हो गया। गनीमत रही कि उसी समय लगभग चार-पांच लोग वहां पर खड़े थे। लेकिन चालक और सह चालक दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए घायल चालक की पहचान बारुण थाना क्षेत्र के खंटा गांव निवासी डोमन सिंह के बेटे विमलेश सिंह और जेसीबी चालक की पहचान कैमूर के दुर्गावती निवासी जाकिर खान के 22 वर्षीय बेटे मो. हाकिम के रूप में की गई है। घायलों को स्थानीय लोगों ने सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया। सदर अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विकास कुमार ने घायलों का इलाज किया। डॉ विकास कुमार ने बताया कि घायल हाकीम की दाहिना पैर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। स्थानीय लोगों ने घायल के परिजनों को फोन के माध्यम से सूचना दे दी है। जानकारी के अनुसार भारत माला एक्सप्रेस-वे में जोरो शोरो से काम लगा हुआ है, जिसमें जेसीबी का उपयोग किया जा रहा था। उसी क्रम में जेसीबी का पिछला टायर पंचर हो गया। दरगाही बीघा में पंचर दुकान पर जेसीबी मे अधिक हवा भर जाने के कारण ब्लास्ट हो गया है।

# अनुग्रह मध्य विद्यालय के बच्चों ने निकाला डिसलेक्सिया जागरूकता मार्च

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**




जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में, विद्यालय के प्रिंसिपल उदय कुमार सिंह और समग्र शिक्षा अभियान के एपीओ गंगाधर महतो के नेतृत्व में अक्टूबर माह में मनाए जाने वाले डिस्लेक्सिया माह के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण जागरूकता मार्च का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य डिस्लेक्सिया से प्रभावित बच्चों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समाज में उनके प्रति संवेदनशीलता विकसित करना था। मार्च के आरंभ में, हेडमास्टर उदय कुमार सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि डिस्लेक्सिया एक अदृश्य दिव्यांगता है, जिसके कारण बच्चों की लर्निंग एबिलिटी प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि इस समस्या का ज्ञान अभिभावकों को नहीं होता, और इसके कारण कई बच्चे लम्बे समय तक सीखने में कठिनाई महसूस करते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि डिस्लेक्सिया वाले बच्चे शब्दों को सही ढंग से नहीं पढ़ पाते, या कभी-कभी शब्दों को उलटकर पढ़ते हैं, जिससे उनका मस्तिष्क सही ढंग से जानकारी को प्रोसेस नहीं कर पाता। मुख्य अतिथि गंगाधर महतो ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे बच्चों को समझना और उनका समर्थन करना बेहद जरूरी है। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि बच्चों की पहचान समय पर कर ली जाए तो उन्हें विशेषज्ञ मनोवैज्ञानिकों और अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन से जल्दी ठीक किया जा सकता है। इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को न केवल सहायता प्रदान करते हैं, बल्कि समाज में जागरूकता भी बढ़ाते हैं। जागरूकता मार्च के दौरान, बच्चों ने 'डिस्लेक्सिया शब्दों से संघर्ष है, सपनों से नहीं' का नारा लगाते हुए आम लोगों के बीच इस मुद्दे पर समझ विकसित करने का प्रयास किया। यह नारा बच्चों के आत्मविश्वास और संघर्ष को दर्शाता है, जो उन्होंने अपने सपनों को पूरा करने के लिए अपनाया है। मार्च में प्रखंड संसाधन शिक्षक राकेश कुमार, योगेंद्र कुमार, मंजू कुमारी, सतेन्द्र चौधरी और अर्जून सिंह भी शामिल हुए, जिन्होंने बच्चों के उत्साह को बढ़ाया और उन्हें इस महत्वपूर्ण अभियान का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित किया। इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों का उद्देश्य केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में समरसता और संवेदनशीलता को बढ़ावा देने के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय का यह प्रयास निश्चित रूप से बच्चों के लिए एक उज्वल भविष्य की ओर एक कदम है।

# आंगनबाड़ी में खाना खाने के बाद 10 बच्चे बीमार

**निज संवाददाता | कुटुंबा (औरंगाबाद)**



कुटुंबा में शनिवार को आंगनबाड़ी का खाना खाने के बाद 10 बच्चे बीमार पड़ गए। घटना कुटुंबा थाना क्षेत्र के बजराही आंगनबाड़ी केंद्र की है। बीमार पड़े बच्चों में से एक ही परिवार के तीन बच्चे हैं। बच्चों के परिजनों ने जानकारी दी है कि उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सदर अस्पताल में शाम करीब 6:45 बजे कुटुंबा थाना क्षेत्र के बजराही गांव निवासी तौफीक आलम के 3 बच्चों को भर्ती कराया गया। इसमें 7 वर्षीय बेटी मिकी कुमारी, 7 वर्षीय बेटी चिंकी कुमारी और 5 वर्षीय बेटा रेहान शामिल है। बता दें कि चिंकी और मिंकी दोनों जुड़वां बहन है। शकील अंसारी की 4 वर्षीय बेटी आलिया कुमारी और अली राजा अंसारी की 5 वर्षीय बेटी जेवा प्रवीण का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। परिजनों ने बताया कि शनिवार की दोपहर करीब 1 बजे के आसपास आंगनबाड़ी केंद्र में 10 बच्चों ने खिचड़ी खाया। इसके बाद एक-एक करके सभी की तबीयत खराब हो गई। आठ बच्चे को कुटुंबा रेफरल अस्पताल में भर्ती करवाया गया और दो बच्चे को कुटुंबा के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां से चिंकी, मिंकी, रेहान, आलिया और जावा प्रवीण को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भेज दिया गया। जहां डॉक्टरों की देख-रेख में सभी का इलाज किया जा रहा है। परिजनों ने बताया कि सभी बीमार पड़े बच्चे को उल्टी और दस्त हो रही थी।

कुंटुबा रेफरल अस्पताल प्रभारी आकांक्षा सिंह ने बताया कि 4-5 बच्चे सदर अस्पताल गए हैं। एक बच्चे को स्वस्थ होने के बाद उसे घर भेज दिया गया है। इधर, सदर अस्पताल में एएनएम और जीएनएम बच्चे का इलाज करती दिखी।

# बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के 105 साल पूरे होने पर विचार गोष्ठी का आयोजन

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण साहित्यिक संस्था जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में महाराणा प्रताप चौक के समीप संस्था के सदस्यों द्वारा हिंदी भाषा के विकास में विशेष योगदान देने में महती भूमिका निभाने वाली बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के 105 पूरे होने पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी का संचालन संस्था के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी द्वारा किया गया। हिंदी भाषा एवं साहित्य के विकास में साहित्य सम्मेलन का बहुमूल्य योगदान विषयक गोष्ठी का विषय प्रवेश अवकाश प्राप्त प्रोफेसर डॉ शिवपूजन सिंह ने किया। वक्ताओं ने कहा कि इस संस्था का हिंदी भाषा के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। आज हिंदी भाषा को जो भी समृद्धि प्राप्त है उसकी भूमिका में सम्मेलन ने सराहनीय कार्य किए हैं। बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के स्थापना में प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद, लक्ष्मी नारायण सिंह, मथुरा प्रसाद दीक्षित, बाबू बैजनाथ प्रसाद सिंह,पीर मोहम्मद यूनुस, लतीफ हुसैन नटवर, पंडित दर्शन केसरी पांडेय, जगन्नाथ प्रसाद के अथक प्रयास से हुई थी। सम्मेलन के गठन के पश्चात बिहार में दर्जनों साहित्यकारों ने वैश्विक स्तर पर हिंदी साहित्य को क्षितिज पर पहुंचाने का कार्य किया। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर, कलक्टर सिंह सरीखे साहित्यकारों ने हिंदी भाषा के विकास में सम्मेलन के माध्यम से विशेष भूमिका निभाई।

### राजनैतिक पिछलगु बनकर नहीं रहेगा कुशवाहा

# पिछड़ों व वंचित समुदाय की राजनीतिक भागीदारी के लिए जन आशीर्वाद संवाद की शुरुआत : निशिकांत

**निज संवाददाता | नवादा**



सूबे के पिछड़े एवं वंचित समुदाय को उनकी जन भागीदारी के अनुसार राजनीतिक हिस्सेदारी दिलाने के लिए समाजसेवी निशिकांत सिन्हा 'जन आशीर्वाद संवाद की शुरुआत किया। नवादा -गया पथ पर स्थित आदर्श वाटर पार्क के मैदान में आयोजित विशाल जन सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार के लेनिन कहे जाने वाले शहीद जगदेव बाबू के विचारों के अनुरूप वंचित एवं पिछड़े समुदाय के हक व हुकूक के लिये यह जन आशीर्वाद संवाद का प्रारम्भ किया गया है। उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक के वंशज रहे कुशवाहा समाज की बिहार में 14 प्रतिशत आबादी है, लेकिन आज तक आबादी के अनुरूप इस समाज को राजनीतिक भागीदारी नहीं मिल पाई। उन्होंने कहा कि सभी पार्टियों ने इस जाति को सिर्फ अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा के लिए इस्तेमाल किया। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि इतनी बड़ी आबादी के बावजूद आज केंद्र में हमारा एक भी प्रतिनिधि नहीं है। यहीं नहीं आये दिन कुशवाहा जाति के लोगों की हत्याएं हो रही है, लेकिन सरकार में हमारे कुशवाहा समाज के नेता सिर्फ तमाशबीन बने हुए हैं। ऐसे में, अब यह जरूरी हो गया है कि कुशवाहा समाज नए एवं समाज के प्रति समर्पित युवा प्रतिनिधि की तलाश करें। यह संवाद उसी दिशा में एक शुरूआत है। श्री सिन्हा ने राजनीतिक पार्टियों पर पिछड़े एवं वंचित समुदाय के युवाओं की राजनीतिक भागीदारी को लेकर भी चिंता जाहिर की। कहा कि वे युवाओं का वोट तो लेते हैं लेकिन किसी भी राजनीतिक पार्टियों द्वारा इन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी नहीं दी जाती। उन्होंने कहा कि कुशवाहा समाज राजनैतिक पिछलगु बन कर नहीं रहेगा। हमें हमारे भागीदारी के अनुरुप सत्ता में हिस्सेदारी भी लेनी होगी। उन्होंने कहा कि देश में इतनी बड़ी आबादी होने के बाबजूद केंद्र में एक भी मंत्री नहीं होना कुशवाहा समाज के लिये बड़ा ही दुःख कि बात है। उन्होंने कहा कि मैं पुरे बिहार में समाज के लोगों से उनका विचार लेकर बिखरे समाज को एकत्रित करने का प्रयास भी करूंगा।अगर जरूरत पड़ी तो राजनीति के लिये ठोस रणनीति तय भी की जाएगी। हमारा समाज अब किसी भी क़ीमत पर पिछलगु बनकर नहीं रहेगा।उन्होंने कहा की मुझे भी लगता था की मैं भी बड़ा व्यवसाई बनु। जैसे जैसे मैं समाज से जुडा तो मुझे लगा की अपने मौलिक अधिकार एवं हक की लड़ाई बिना राजनीति के सम्भव नहीं है इसलिये मैंने जन आशीर्वाद संवाद यात्रा का शुरुआत किया। अपने दलित, अत्यंत पिछड़े समाज को मैं मुख्य धारा में उनके अधिकारों के लिये जगदेव बनने के लिये तैयार हुँ। मुझे अपने लोगों के लिये अपना शहादत भी देना पड़ेगा तो मैं कभी पीछे नहीं हटूंगा। अंतिम सांस तक प्रयास करता रहूंगा।

# मध्य विद्यालय में ईवीएम से बाल संसद का हुआ चुनाव

**निज संवाददाता | रफीगंज(औरंगाबाद)**

मध्य विद्यालय, रफीगंज में प्रधानाध्यापक मोहम्मद मशकुर आलम के देखरेख में बाल संसद का पहली बार ईवीएम मोबाइल ऐप के माध्यम से गोपनीयता के साथ शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न हुआ। मतदान सुबह 11:00 बजे से प्रारंभ हुआ और 12:30 बजे तक मतदान संपन्न कराया गया। मतदान में वर्ग 6 से 8 तक के कुल 262 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। मतदान को लेकर विद्यार्थियों में काफी उत्साह दिखा। सभी विद्यार्थी पंक्तिबद्ध होकर अपने मताधिकार का प्रयोग गोपनीय तरीके से शांतिपूर्वक किया। मतदान कराने के लिए विद्यालय के शिक्षक रामाशीष प्रसाद, अब्दुल बासिद, प्रमिला कुमारी, श्याम कुमार, उपेंद्र वर्मा, फिरदौस, सोमेश्वर पाठक, फिरोज अहमद, विकास कुमार, राम अयोध्या मिश्रा ने विद्यालय द्वारा दिए गए कार्यों को निष्ठा पूर्वक संपन्न कराया एवं चुनाव में भरपूर सहयोग किया।

वहीं मतदान संपन्न कराने के उपरांत 2:30 में ईवीएम द्वारा मतों की गिनती की गई, जिसमें 174 मत से आदित्य कुमार प्रधानमंत्री, 208 मत से गुड्डू कुमार शिक्षा मंत्री, 199 मत से सोनू कुमार स्वास्थ्य मंत्री, 126 मत से शंकु कुमार खेल मंत्री, 81 मत से अभिषेक कुमार पुस्तकालय मंत्री, 158 मत से राणा रॉकी बागवानी एवं जल मंत्री, 95 मत से रोहित कुमार बाल सुरक्षा मंत्री चयनित हुए। प्रधानाध्यापक द्वारा सभी चयनित का नाम घोषित करते हुए सर्टिफिकेट दिया ग़या।प्राधानाध्यापक ने कहा कि चयनित उम्मीदवारों एवं विद्यार्थियों का इससे उत्साहवर्द्धन होगा। सभी विद्यार्थियों की उन्होंने सराहना की।

# जम्होर स्थित विष्णु धाम में कार्तिक स्नान का शुभारंभ

**निज संवाददाता | जम्होर (औरंगाबाद)**



जिला मुख्यालय औरंगाबाद के जम्होर थानांतर्गत मोक्षदायिनी पुनपुन एवं पुण्यदायिनी बटाने के संगम तट पर अवस्थित प्रकृति का अमूल्य धरोहर विष्णु धाम में कार्तिक स्नान की शुरुआत हो चुकी है।प्रतिवर्ष कार्तिक स्नान शरद पूर्णिमा के दूसरे दिन से शुरू होकर कार्तिक पूर्णिमा तक एक माह निरंतर चलते रहती है।कार्तिक स्नान की महिमा शास्त्रों एवं पुराणों में वर्णित है। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने कार्तिक स्नान के बारे में बताया कि कार्तिक मास में प्रतिदिन सूर्योदय के पूर्व पवित्र नदी व संगम में स्नान करना चाहिए।कार्तिक स्नान करने से पापों का क्षय होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है।कार्तिक स्नान करते समय गायत्री महामंत्र का जप करना चाहिए। कार्तिक मास में भगवान विष्णु धरती पर आते हैं और जल में वास करते हैं इसलिए ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करने का विशेष महत्व है।ऐसा करने से भगवान विष्णु की असीम कृपा प्राप्त होती है। कार्तिक मास में दीपदान, तुलसी पूजन, भूमि शयन करना चाहिए। कार्तिक मास में करवा चौथ, दीपावली भाई दूज, गोवर्धन पूजा, अक्षय नवमी, देवोत्थान एकादशी, बैकुंठ चतुर्दशी,कार्तिक पूर्णिमा आती है। इन सभी पर्वों में भगवान विष्णु माता लक्ष्मी की पूजा की जाती है।